* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

15 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 116







# अबु धाबी में पहला हिंदू मंदिर पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

- नरेंद्र मोदी ने मूर्तियों की पूजा-अर्चना की
- अक्षर पुरुषोत्तम महाराज को पुष्पांजलि दी
- विश्व सरकार शिखर सम्मेलन को भी किया संबोधित

एजेंसी

**अबु धाबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) दौरे पर हैं। यहां अबु धाबी में उन्होंने 27 एकड़ में फैले पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने मंदिर में मौजूद मूर्तियों की पूजा-अर्चना की। अक्षर पुरुषोत्तम महाराज को पुष्पांजलि दी। मंदिर में वैश्विक आरती की गयी, जिसमें मोदी शामिल हुए। मोदी ने भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति नाहयान ने मंदिर के प्रस्ताव को बगैर एक पल भी गंवाये हां कह दिया। उन्होंने मुझसे यह तक कह दिया था कि जिस जमीन पर आप लकीर खींच देंगे, मैं वो आपको दे दूंगा। मंदिर के बाहर लोग 'मोदी-मोदी' के नारे लगाये। मंदिर उद्घाटन के मौके पर भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री ने विश्व सरकार शिखर सम्मलेन को संबोधित किया। साथ ही कई कार्यक्रम में शामिल हुए।



## ऐसी सरकारों की जरूरत जो भ्रष्टाचार से मुक्त हों: नरेंद्र मोदी

अबु धाबी (एजेंसी)। यूएइ की अपनी यात्रा के दूसरे दिन यहां विश्व सरकार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में सरकार पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। जनता को भारत सरकार की मंशा और प्रतिबद्धता पर भरोसा है। यह केवल इसलिए संभव हुआ, क्योंकि हमने जन भावनाओं को प्राथमिकता दी। मोदी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सरकार में 23 साल बिताये हैं। उनका सिद्धांत 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया को आज ऐसी सरकारों की जरूरत है, जो समावेशी हों, सभी को साथ लेकर चलें और भ्रष्टाचार से मुक्त तथा साफ-सुथरी हों। उन्होंने कहा कि आतंकवाद अपने विभिन्न स्वरूपों में हर रोज मानवता के सामने नयी चुनौतियां ला रहा है। आज जलवायु परिवर्तन समय के साथ तेज हो रहा है। एक तरफ घरेलू चिंताएं हैं और दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अस्त-व्यस्त दिखती है। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम से निपटने के लिए वैश्विक प्रोटोटाइप बनाने होंगे। हमें डेवलपिंग वर्ल्ड की चिंताओं को दूर करते हुए ग्लोबल साउथ को प्राथमिकता देनी होगी। उनकी आवाज सुननी होगी। जरूरतमंद देशों की मदद करनी होगी।

मंदिर परिसर में बीएपीएस संस्था के संतों और स्वामी ईश्वर चरण दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इस दौरान मोदी ने मंदिर परिसर का जायजा लिया। वह वॉल ऑफ हारमनी के सामने कई अधिकारियों और संतों से मिले। वॉल ऑफ हारमनी यूएइ की सबसे बड़ी 3-डी प्रिंटेड दीवार है। ये 45 मीटर लंबी और 4.5 मीटर ऊंची है। इस दीवार पर विश्व के 26 स्मारकों को दिखाया गया है। इसमें फ्रांस का एफिल टावर, भारत का स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और अमेरिका का स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी शामिल हैं। इससे पूरी दुनिया एक है का मैसेज दिया गया है। इससे पहले नरेंद्र मोदी ने इनोवेटिव मार्केट प्लेस 'भारत मार्ट' का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर लाना और दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध बढ़ाना है। इस दौरान उनके साथ यूएइ के उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम मौजूद रहे।

चंपाई सोरेन पहुंचे पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा

# राज्य के बुनियादी ढांचे को करेंगे मजबूत : सीएम



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के लिए जो नीतियां और योजनाएं बनायीं, उन्हें और प्रभावी एवं बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड को अगर आगे ले जाना है तो यहां की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेंमत सोरेन ने सत्ता संभाली ही थी कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने झारखंड समेत पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। दो साल इसी से निपटने में गुजर गये। अगले दो वर्षों में उन्होंने जिस तरह अपनी नीतियों और कार्य योजनाओं के माध्यम से विकास को गति दी, उससे झारखंड को अलग पहचान मिली है। राजधानी रांची को जाम से निजात दिलाने के फ्लाइओवर निर्माण का कार्य तीव्र गति से हो रहा है ।

चंपाई ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है जो खनिज संसाधनों के मामले में काफी संपन्न है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि इसका फायदा इस राज्य को नहीं मिल रहा है। आज भी यहां के ग्रामीण इलाकों की स्थित अच्छी नहीं है। वर्षों से तरह-तरह की समस्याओं और परेशानियों को झेलते आ रहे हैं। यही वजह है कि जब हेमंत सोरेन ने वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री का पद संभाला तो तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाये। हमारा प्रयास है कि शहरों की तरह गांवों में भी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम होता रहे। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के माध्यम से शहर और गांवों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ायी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली-पानी, सड़क समेत तमाम आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जायेगा। यहां औद्योगिक समूहों को सरकार की ओर से कई रियायत तथा सुविधाएं दी जायेंगी। तमाम कंपनियों और संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीयों को 75 प्रतिशत नौकरी देनी होगी।

## न्यूज रील्स

### लाठीचार्ज में घायल हुए पं.बंगाल के भाजपा अध्यक्ष

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के बशीरहाट में पुलिस लाठीचार्ज के दौरान भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार बेहोश हो गये। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। भाजपा पिछले कई दिनों से टीएमसी विधायक शेख शाहजहां के समर्थकों की गुंडागर्दी के आरोप को लकेर प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है।

### इडी ने फिर भेजा केजरीवाल को समन

नयी दिल्ली। इडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में चल रही जांच में शामिल होने के लिए नया समन जारी किया है। इडी ने उन्हें 19 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले भी इडी पांच समन भेज चुकी है, लेकिन वह पूछताछ के लिए नहीं आये। उधर, इडी कोर्ट में केजरीवाल के पेश नहीं होने के बारे में अर्जी दी थी, जिस पर समन जारी करते हुए उन्हें 17 फरवरी को कोर्ट में पेश होने को कहा है।

### पारामिलिट्री के साथ किसानों की झड़प

अंबाला। दिल्ली जाने की जिद पर अड़े किसानों और केंद्र के बीच आज शाम 5 बजे चंडीगढ़ में तीसरी बैठक होगी। बुधवार को पटियाला के एक होटल में किसान नेता जगजीत डल्लेवाल और सरवण पंधेर ने पंजाब के अधिकारियों से बैठक के बाद यह जानकारी दी। इस बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय मौजूद रहेंगे। सरवण पंधेर ने आरोप लगाया कि हरियाणा पुलिस की बजाय अब पैरामिलिट्री फोर्स उन पर अटैक कर रही है। वहीं आंदोलन के दूसरे दिन किसान पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं। वह दिल्ली जाने पर अड़े हैं। किसान मजदूर मोर्चा के कोऑर्डिनेटर सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि हर हाल में दिल्ली तक जायेंगे।

# हेमंत के समर्थन में आज से न्याय यात्रा

इडी की कार्रवाई के खिलाफ जेएमएम का सत्याग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इंसाफ दिलाने के लिए गुरुवार से जेएमएम न्याय यात्रा की शुरुआत कर रही है। जेएमएम का कहना है कि राज्य के 4000 से ज्यादा पंचायतों में जेएमएम कार्यकर्ता घर-घर जाकर हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी की एकतरफा कार्रवाई को जनता के सामने भंडाफोड़ करेंगे।



जेएमएम की ओर से गुरुवार को मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिका में उपवास का कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जेएमएम कार्यकर्ता हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च में जाकर पूजा और प्रार्थना करेंगे। जेएमएम इस माध्यम से जनता के बीच अपनी राजनीतिक सक्रियता दिखाना चाह रही है। जेएमएम महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि कहीं न्याय यात्रा, कहीं उपवास, कहीं मंदिर, मस्जिद, चर्च में पूजा, दुआ, अरदास, प्रार्थना की जायेगी। राज्य के सभी पंचायतों में प्रतिदिन न्याय यात्रा को शांति पूर्ण तरीके से निकाला जायेगा। रांची में गुरुवार को उपवास रखा जायेगा।

हेमंत सोरेन को इडी ने जमीन घोटाले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उस समय से हेमंत सोरेन इडी के रिमांड पर हैं। जेएमएम का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री को बीजेपी और केंद्र सरकार ने एक षड्यंत्र के तहत फंसाया है और उनपर इस तरह की कार्रवाई इडी द्वारा की जा रही है। जिस जमीन मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है वो उनकी है ही नहीं।

## अडाणी ने शुरू किया सोलर प्लांट

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट की पहली कैपेसिटी का ऑपरेशन शुरू कर दिया है। गुजरात के खावड़ा में बने इस प्लांट में अभी केवल 551 मेगावाट कैपेसिटी का ऑपरेशन शुरू किया गया है। यह जानकारी कंपनी की ओर से बुधवार को दी गयी।

# गोला में दारोगा 15 हजार रुपये रिश्वत लेते धराया

हजारीबाग एसीबी ने शिकायत पर की कार्रवाई

अंजनी कुमार

**गोला।** गोला थाना में पदस्थापित दारोगा मनीष कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), हजारीबाग ने बुधवार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। गोला थाना क्षेत्र के कुम्हरदगा गांव निवासी सहदेव कुमार से केस डायरी में मदद करने के नाम पर वह रिश्वत ले रहा था। इस संबंध में आवेदक ने एसीबी को दिये आवेदन में कहा है कि मेरी चचेरी बहु पिंकी कुमारी पति स्व. खेमनाथ कुमार ने कोर्ट में जाकर दीपक कुमार साकिम सुंदरी



भवन निकट अंजली होटल कांटाटोली रांची के विरुद्ध आवेदन दी थी। उस आवेदन के आधार पर गोला थाना में मामला दर्ज हुआ था। इस कांड के अनुसंधानकर्ता अवर निरीक्षक मनीष कुमार ने सुपरविजन हो जाने की बात कह कर मुझे थाना बुलाया। इसके बाद जब आवेदक ने अवर निरीक्षक से संपर्क किया, तो उन्होंने कहा कि कांड का अनुसंधान पूरा हो गया है। जब बीस हजार रुपया दोगे, तभी डायरी कोर्ट में जायेगी। इसका आवेदक ने विरोध जताते हुए रिश्वत देने से मना कर दिया। फिर आवेदक ने इसकी शिकायत हजारीबाग एसीबी से की। टीम ने आवेदन की सत्यता की विधिवत जांच की, जिसमें मामला सही पाया गया। इसके बाद रिश्वत मांग रहे दारोगा की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया और उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दारोगा मनीष कुमार को रजरप्पा रोड स्थित उसके घर ले जाया गया, जहां पर रखी गयी फाइलों की जांच की गयी। इसके बाद एसीबी टीम उसे अपने साथ हजारीबाग ले गयी। आवेदनकर्ता सहदेव महतो ने कहा कि गोला थाना में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता है। यहां के ग्रामीणों को पुलिस के द्वारा विभिन्न केस में थाना पहुंचने पर नजराना के रूप में घूस की मांग की जाती है। यहां घूस लेने का मामला आम हो गया है।




# सोनिया अब राज्यसभा जायेंगी, नामांकन दाखिल किया

जेपी नड्डा गुजरात और अशोक चह्वाण महाराष्ट्र से भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी अब लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने बुधवार को राजस्थान से राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नॉमिनेशन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद थे। गांधी परिवार में इंदिरा के बाद सोनिया राज्यसभा जानेवाली दूसरी सदस्य होंगी।



उधर, कांग्रेस ने 27 फरवरी को होनेवाले राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को दो लिस्ट जारी की। इनमें सात राज्यों से 10 प्रत्याशी के नाम हैं। राजस्थान से सोनिया गांधी, हिमाचल प्रदेश से अभिषेक मनु सिंघवी, बिहार से डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से चंद्रकांत हंडोरे का नाम शामिल है।

इसके अलावा कर्नाटक से अजय माकन, डॉ सैय्यद नसीर हुसैन, जीसी चंद्रशेखर, मध्यप्रदेश से अशोक सिंह, तेलंगाना से रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव का नाम तय किया है।

## भाजपा ने दो लिस्ट जारी की

भाजपा ने भी बुधवार को दो लिस्ट जारी की। पहली लिस्ट में पांच नाम हैं। इनमें ओड़िशा से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मध्यप्रदेश से केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर का नाम शामिल है। दूसरी लिस्ट सात नामों की है। इसमें गुजरात से भाजपा के पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा,गोविंदभाई ढोलकिया, मयंकभाई नायक, जशवंतसिंह सलामसिंह परमार का नाम शामिल है। इसके अलावा महाराष्ट्र से तीन नाम शामिल हैं। इनमें एक दिन पहले कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आये पूर्व सीएम अशोक चव्हाण, मेधा कुलकर्णी और अजित गोलछड़े का नाम शामिल है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1 — Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो
आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 15 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में पसरी है तूफान से पहले की शांति

## ■ राष्ट्रवाद और सरना धर्मकोड जैसे मुद्दों पर भी वोटरों की चुप्पी से सभी हैं परेशान

## ■ आदिवासी बहुल इस संसदीय क्षेत्र पर हर दल और उम्मीदवार है 'डेंजर जोन' में

## ■ यहां रहा है कांग्रेस और भाजपा का राज, पर इस बार कांटे का मुकाबला है तय

झारखंड का सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील रहा है। आदिवासियों के बड़े नेता बाबा कार्तिक उरांव जैसे दिग्गज राजनेताओं की कर्मभूमि लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा का राज रहा है। लोहरदगा सीट के लिए अब तक हुए 16 बार के चुनाव में से सात बार कांग्रेस, छह बार भाजपा, एक-एक बार झारखंड पार्टी, निर्दलीय और जनता पार्टी के सांसद रहे हैं। 2019 में भाजपा के सुदर्शन भगत ने लोहरदगा से जीत की हैट्रिक लगायी थी, लेकिन यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हर बार उन्हें कड़े मुकाबले से गुजरना पड़ा। जहां तक 2024 के चुनावी परिदृश्य और राजनीतिक माहौल की बात है, तो इस बार लोहरदगा का माहौल पूरी तरह से बदला हुआ है। पिछले पांच साल के दौरान यहां हुए सांप्रदायिक टकराव और नक्सली हिंसा ने लोगों को राजनीतिक दांव-पेंच के प्रति विरक्ति के भाव से भर दिया है। वे पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। मतदाताओं की इसी चुप्पी से हर दल और संभावित उम्मीदवार परेशान तो हैं ही, साथ ही चुनावी मुद्दों को लेकर भी असमंजस में हैं। करीब 40 प्रतिशत आदिवासी मतदाताओं वाले लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रवाद और सरना धर्म कोड जैसे मुद्दे तो हैं, लेकिन इन मुद्दों पर लोग खुल कर कुछ नहीं बोल रहे हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि लोहरदगा में इस बार कांटे की टक्कर की जमीन तैयार हो रही है। यहां ऐसी टक्कर देखने को मिल सकती है, जिसमें कौन बाजी मार ले जायेगा, अभी कहना मुश्किल है। लोहरदगा संसदीय सीट के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में क्या हैं सवाल और क्या कुछ हो सकता है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड का सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा पूरी दुनिया में अपनी बॉक्साइट खदानों के लिए प्रसिद्ध है। जिला मुख्यालय होने के अलावा लोहरदगा राजनीतिक रूप से भी बेहद संवेदनशील है। जैन पुराणों के अनुसार भगवान महावीर ने लोहरदगा की यात्रा की थी। सम्राट अकबर पर लिखी पुस्तक 'आइन-ए-अकबरी' में भी इस क्षेत्र का उल्लेख किया गया है। कोयल, शंख, नंदिनी, चौपाट और फुलझर नदियों से घिरा यह क्षेत्र झारखंड के दक्षिण पश्चिम में है। इस इलाके में छोटे-छोटे पहाड़ , जंगल और झरने हैं, जिनकी वजह से यहां खूबसूरत नजारे दिखाई देते हैं। यहां का लावापानी जलप्रपात पर्यटकों को खूब लुभाता है।

### 'लोर-ए-यादगा' से पड़ा लोहरदगा नाम

झारखंड के दक्षिण-पश्चिम भाग में स्थित है लोहरदगा। लोहरदगा का शाब्दिक अर्थ होता है खनिज का क्षेत्र। सम्राट अकबर पर लिखी पुस्तक 'आइन-ए-अकबरी' में भी 'किस्मत-ए-लोहरदगा' का उल्लेख है। कहा जाता है कि भगवान महावीर इस इलाके में ठहरे थे। जिस स्थान पर भगवान महावीर ठहरे थे, उसे 'लोर-ए-यादगा' के नाम से जाना जाता है। स्थानीय मुंडारी भाषा में इसका मतलब आंसुओं की नदी होता है। यहां प्रागैतिहासिक काल की मानव बस्तियों के भी अवशेष मिले हैं, जिससे इसकी पुष्टि होती है कि यहां हजारों साल पहले भी इंसानी सभ्यता थी।

### राजनीतिक परिदृश्य

तीन जिलों लोहरदगा, रांची और गुमला को कवर करने वाला लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस निर्वाचन क्षेत्र में लोहरदगा (एसटी), गुमला (एसटी), बिशुनपुर (एसटी), सिसई (एसटी) और मांडर (एसटी) विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। यहां अब तक हुए 16 चुनावों में सात बार कांग्रेस जीती है, तो छह बार यह सीट भाजपा के पास गयी है। बाकी तीन बार में एक-एक बार झारखंड पार्टी, निर्दलीय और जनता पार्टी ने इस सीट पर कब्जा जमाया है।

### 2019 में सुदर्शन भगत ने लगायी थी हैट्रिक

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत ने जीत की हैट्रिक लगायी थी। उन्होंने कांग्रेस के सुखदेव भगत को पराजित किया था। लेकिन ध्यान देनेवाली बात यह है कि उनकी हर जीत काफी कम अंतर से हुई। हर बार उन्हें कांटे की टक्कर मिली। सुदर्शन भगत से पहले कांग्रेस के कार्तिक उरांव तीन बार लोहरदगा से सांसद रह चुके थे। उन्हें लोहरदगा की जनता ने 1967, 1971 और 1980 में सांसद चुना था। वहीं, उनकी पत्नी सुमति उरांव कांग्रेस से 1984 और 1989 में, जबकि भाजपा के ललित उरांव 1991 और 1996 में सांसद चुने गये। लोहरदगा सीट से सुमति उरांव एक मात्र महिला सांसद रही हैं। लोहरदगा सीट पर करीब 14 लाख मतदाता हैं। इसमें 40 फीसदी वोटर जनजातीय वर्ग से आते हैं, 16-16 प्रतिशत मतदाता सामान्य वर्ग और मुस्लिम समुदाय के हैं। जनजातीय वर्ग के वोटरों को जो दल अपनी ओर बांधे रख सकता है, उसे यहां जीत मिलती है। लोहरदगा में पिछले कुछ चुनावों के अनुसार जीत-हार में दो प्रतिशत से भी कम वोट अपनी भूमिका निभा रहा है।



### पांच विधानसभा सीट महागठबंधन के पास

लोहरदगा लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भले ही भाजपा का कब्जा हुआ, लेकिन उसी साल हुए झारखंड विधानसभा के चुनाव में लोहरदगा लोकसभा में आनेवाली पांचों विधानसभा सीट पर भाजपा को जीत नहीं मिल सकी। वर्तमान में इसमें तीन सीट पर झामुमो और दो सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। लोहरदगा से कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव, मांडर से कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की विधायक हैं, वहीं गुमला से झामुमो के भूषण तिर्की, बिशुनपुर से चमरा लिंडा और सिसई से जिगा सुसारन होरो विधायक हैं।

### क्या है लोहरदगा का राजनीतिक इतिहास

60 के दशक में लोहरदगा जिला और उसके क्षेत्र लोहरदगा के साथ-साथ रांची संसदीय क्षेत्र में बंटे हुए थे। लोहरदगा जिला का दक्षिणी क्षेत्र सेन्हा प्रखंड का इलाका लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में शामिल था, जबकि पूर्वी इलाका उस समय रांची संसदीय क्षेत्र में आता था। वयोवृद्ध नेता और मतदाता बताते हैं कि लोहरदगा जिले में वर्ष 1957 से लेकर 2014 और अब 2019 का भी चुनाव देखा है। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र काफी पुराना रहा है। यहां के लोग अपने नेता के माध्यम से राष्ट्रीय राजनीति में शामिल रहे हैं। शिव प्रसाद साहू लोहरदगा के रहनेवाले थे, परंतु उन्होंने रांची संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीता था। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले इलाकों में जो लोग उस समय चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए थे, उनमें से अब काफी कम लोग ही जीवित बचे हैं। वयोवृद्ध नेता बताते हैं कि उनके लिए उस समय यह तय करना काफी मुश्किल होता था कि किस क्षेत्र में जाकर चुनाव प्रचार करें। वजह यह थी कि चुनाव प्रचार करते-करते यह पता ही नहीं चल पाता था कि वे लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे हैं या फिर रांची संसदीय क्षेत्र में पहुंच चुके हैं। नदियों पर पुल नहीं था। ऐसे में नदी पार कर चुनाव प्रचार के लिए जाना पड़ता था।

### क्या है इस बार का चुनावी परिदृश्य

जहां तक 2024 के चुनाव का सवाल है, तो ऐसा लगता है कि महंगाई और बेरोजगारी जैसे आम लोगों से जुड़े मुद्दे इस बार पृष्ठभूमि में चले गये हैं, क्योंकि यहां लोग सरना कोड, राष्ट्रवाद और नक्सली समस्या के त्रिकोण में फंसे हुए नजर आते हैं। बॉक्साइट के अलावा कार्तिक उरांव और गुमला के परमवीर अल्बर्ट एक्का के कारण इस इलाके को पहचान मिली। कार्तिक उरांव ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र और आदिवासियों के उत्थान के लिए काफी काम किया। आज भी कांग्रेस यहां कार्तिक उरांव के सपनों को पूरा करने के नाम पर वोट मांगती है। इस सीट की 96 फीसदी आबादी गांवों में रहती है, जो खेती और जंगल में लकड़ी काट कर अपना गुजर-बसर करती है। क्षेत्र में रोजगार के साधन नहीं हैं, जिसका असर यहां के लोगों के जन-जीवन पर दिखता है। जंगल की लकड़ी बेच कर बड़ी आबादी का घर चलता है।

### मानव तस्करी बड़ी समस्या

आदिवासी भोले-भाले और सीधे-सादे होते हैं। गरीबी में जकड़े ये लोग मानव तस्करों के सॉफ्ट टारगेट होते हैं। गुमला और लोहरदगा में मानव तस्करी एक बड़ी समस्या है। हाल के दिनों में मानव तस्करी की घटनाएं कम हुई हैं, लेकिन पूरी तरह से खत्म नहीं हुई। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में उद्योग धंधों का घोर अभाव है। बॉक्साइट का खनन तो यहां होता है, लेकिन इस पर आधारित उद्योग नहीं हैं। इसके कारण बेरोजगारी और पलायन भी यहां की बड़ी समस्याएं हैं।

### हाल के दिनों में नक्सलियों पर लगी लगाम

लोहरदगा शहर के लोग सालों से जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। बाइपास बनाने की मांग वर्षों पुरानी है। लोहरदगा और गुमला में हॉकी और फुटबॉल का क्रेज रहा है। यहां के कई खिलाड़ी राज्य और देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी यहां ढंग का स्टेडियम नहीं है। खिलाड़ियों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती। लोकसभा क्षेत्र का पूरा इलाका रेड कॉरिडोर का हिस्सा है। हालांकि हाल के दिनों में नक्सलियों पर लगाम कसी गयी है। साथ ही सड़क और बिजली की स्थिति भी पहले से बेहतर हुई है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में समाज के हर तबके के लोगों की अपनी-अपनी समस्याएं हैं और उनके अपने-अपने मुद्दे हैं।

### 2019 में लोहरदगा का चुनाव परिणाम

| नाम | पार्टी | प्राप्त वोट |
|---|---|---|
| सुदर्शन भगत | भाजपा | 371595 |
| सुखदेव भगत | कांग्रेस | 361232 |
| देवकुमार धान | झारखंड पार्टी | 19546 |
| नोटा | | 10783 |
| संजय उरांव | निर्दलीय | 10663 |
| दिनेश उरांव | टीएमसी | 9643 |
| रघुनाथ महली | निर्दलीय | 8950 |
| सानिया उरांव | निर्दलीय | 5263 |
| कलिंद्र उरांव | निर्दलीय | 4061 |
| श्रवण कु. पन्ना | बसपा | 4048 |
| अजित कु. भगत | निर्दलीय | 2880 |
| एकुस धान | निर्दलीय | 2341 |
| आनंद पॉल तिर्की | निर्दलीय | 2339 |
| एलॉन बाखला | निर्दलीय | 2317 |
| अंबर सौरभ कुणाल | निर्दलीय | 1889 |

### लोहरदगा के अब तक के सांसद

| वर्ष | नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1957 | इग्नेस बेक | झारखंड पार्टी |
| 1962 | डेविड मुंजनी | निर्दलीय |
| 1967 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस |
| 1971 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस |
| 1977 | लालू उरांव | जनता पार्टी |
| 1980 | कार्तिक उरांव | कांग्रेस |
| 1984 | सुमति उरांव | कांग्रेस |
| 1989 | सुमति उरांव | कांग्रेस |
| 1991 | ललित उरांव | भाजपा |
| 1996 | ललित उरांव | भाजपा |
| 1998 | इंद्रनाथ भगत | कांग्रेस |
| 1999 | दुखा भगत | भाजपा |
| 2004 | रामेश्वर उरांव | कांग्रेस |
| 2009 | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| 2014 | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| 2019 | सुदर्शन भगत | भाजपा |

## सरकारी स्कूल के बच्चे बन रहे स्मार्ट

# जे गुरुजी एप के जरिये बदलाव की पहल

**हर सप्ताह वीकली टेस्ट, हर दिन एसेंबली में न्यूज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन पहल का नतीजा है कि जहां एक ओर सरकारी स्कूल के बच्चे स्मार्ट बन रहे हैं। जे गुरुजी एप के जरिये यह बदलाव सरकारी स्कूलों में अब दिखने लगा है। शुरुआती दिनों में शिक्षकों को थोड़ी बहुत परेशानी हुई, लेकिन अब सबकुछ सामान्य हो चला है। हर सप्ताह इस एप के जरिये झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जाता है। पूरे राज्य में एक समान प्रश्नपत्र से साप्ताहिक टेस्ट हो रहा है। वहीं दूसरी ओर इस एप के जरिये हर दिन एसेंबली में शिक्षक महत्वपूर्ण न्यूज की चर्चा भी छात्रों के साथ करते हैं। टेस्ट के लिए प्रश्नपत्र एक दिन पहले ही मोबाइल पर भेज दिया जाता है।




**क्या है जे-गुरुजी एप :** जे-गुरुजी एप एक मल्टीपर्पस मंच है, जो स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने के लिए वेब और मोबाइल एप्लीकेशन दोनों के जरिये सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। जे-गुरुजी एप में झारखंड कौंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग की ओर से उपलब्ध कराये गये इ-बुक, ऑडियो बुक और इ-पब उपलब्ध है। इसके अलावा एप में कक्षावार, विषयवार और अध्यायवार वीडियो और नोट्स भी मौजूद हैं। छात्र इस ऐप में मौजूद सामग्री का इस्तेमाल कर कई जरूरी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

प्ले स्टोर से डाउनलोड संभव

जे गुरुजी मोबाइल एप से आडियो-वीडियो के साथ डिजिटल स्क्रिप्ट के साथ पढ़ाई हो रही है। इसे प्ले स्टोर के माध्यम से मुफ्त डाउनलोड किया जा सकता है। इसे बच्चे भी डाउनलोड कर सकते हैं। खास बात यह है कि इस एप में बच्चों को स्कूल के साथ घर में भी ऑडियो-वीडियो के साथ डिजिटल स्क्रिप्ट के साथ पढ़ाई हो रही है। गलत उत्तर की समुचित व्याख्या के साथ सही उत्तर इस एप है।

# राज्य में 150 कक्षपाल की होगी जल्द बहाली

## आइजी ने जारी किया आदेश,कांट्रैक्ट पर रखे जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के जेलों में संविदा के आधार पर कक्षपालों की नियुक्ति होगी। इस संबंध में जेल आइजी सुदर्शन मंडल ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 150 भूतपूर्व सैनिकों को एक साल के अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जायेगा।

जरूरत के अनुसार इस अनुबंध को बढ़ाया भी जा सकता है। अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को हर महीने 20 हजार वेतन मिलेगा। हर साल सेवा अवधि के विस्तार होने पर मानदेय में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की जायेगी। इन कर्मियों को एक साल में सिर्फ 20 दिन का ही क्षतिपूर्ति अवकाश मिलेगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर राज्य के पुलिस कर्मियों को जो राशि मिलती है, वही राशि इन कर्मियों को प्रदान की जायेगी। 11 जिले में कक्षपालों की नियुक्ति होगी।



### बीएड इंट्रेंस- आज से आवेदन दे सकते हैं अभ्यर्थी

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने बीएड एंट्रेंस एग्जाम के लिए आवेदन भरने की तिथि की घोषणा कर दी है। अभ्यर्थी 2024-26 सत्र के लिए 15 फरवरी से आवेदन दे सकते हैं। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। अभ्यर्थी जेसीइसीइबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1000 निर्धारित की गयी है। वहीं ओबीसी 1 और 2 के लिए 750 और अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को 500 रुपये आवेदन शुल्क देने होंगे। 13 अप्रैल से एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है। वहीं 21 अप्रैल परीक्षा की संभावित तिथि है। प्रवेश परीक्षा क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसलिंग होगी। पहले, दूसरे और तीसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद यदि सीट खाली रहती है, तो फिर चौथे राउंड की काउंसिलिंग भी की जायेगी।**

# एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों को मिलेगी: राजेश

**राहुल गांधी के फैसले का प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राहुल गांधी के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देगी।

राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारी एमएसपी पर कानूनी गारंटी किसानों के जीवन में तीन बड़े बदलाव लायेगी। इन बदलाव में फसल के सही दाम मिलने से किसान कर्ज की मुसीबत से छुटकारा पायेगा। कोई भी किसान आत्महत्या को मजबूर नहीं होगा। खेती मुनाफे का व्यवसाय होगा और किसान समृद्ध बनेगा और समृद्ध किसान देश की तकदीर बदल देगा। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बुधवार को दी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °c | 14.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.43 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.22 बजे |



# मनरेगा योजना को खत्म करना चाहती है केंद्र सरकार : जयराम

गढ़वा में राष्ट्रीय मनरेगा जनसुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका (गढ़वा)।** राष्ट्रीय मनरेगा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित आरके प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को किया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कन्हैया कुमार ने कहा कि देश में धनासेठों का 14 लाख करोड़ रुपये का कर्जा माफ करनेवाली मोदी सरकार कांग्रेस द्वारा चलायी जानेवाली गरीब कल्याण की योजनाओं की गला घोंटने में लगी है। जुमलेबाजों से सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि सजगता से ही चोरी रुकेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर जरूरी काम से दिल्ली जाना पड़ा, किंतु वे रंका की धरती पर पुनः आयेंगे।



**मनरेगा में समय पर केंद्र ने नहीं दिया पैसा : आलम :** मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि मनरेगा योजना में झारखंड को केंद्र सरकार के द्वारा कभी भी समय पर पैसा नहीं मिला है। इसके कारण झारखंड सरकार को अपने से पैसा वहन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा कूप योजना, बिरसा जल समृद्धि योजना सरकार ने चलाने काम किया है। जनता डिमांड करे, पैसा झारखंड सरकार देगी।

**मनरेगा में 15 दिनों में पैसे की गारंटी मिले: जयराम :** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयराम रमेश ने कहा कि देश की मोदी सरकार मनरेगा जैसी योजनाओं को गला घोंटना तो चाहती है, किंतु खत्म करने से डरती है, क्योंकि वह जानती है कि जनता उसे ही खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में 15 दिनों के अंदर पैसा मिलने की गारंटी देनी होगी। उन्होंने राजस्थान के तर्ज पर झारखंड में भी शहरी मनरेगा योजना लागू करने का आग्रह किया।

**गरीबों को ही मिटाना चाहता है केंद्रः मिथिलेश :** गढ़वा विधायक सह पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि मनरेगा योजना, फूड सिक्योरिटी, सामाजिक सुरक्षा आदि सभी योजनाएं कांग्रेस की देन है। मनरेगा में बजट घटा कर मोदी सरकार गरीबी मिटाने की जगह पर गरीबों को ही मिटा देना चाहती है। आगे आने वाले समय में मनरेगा तो क्या आपको वोट देने की अधिकार भी खत्म कर दिया जायेगा।

**इनकी रही मौजूदगी :** सेवा दल के लालजी देसाई, अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, बंधु तिर्की, रामेश्वर उरांव, अंबा प्रसाद, रामचंद्र सिंह, कृष्णानंद त्रिपाठी, ओबैदुल्ला हक अंसारी, सूरज सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

वृंदा करात ने कल्पना सोरेन से की मुलाकात

# संघर्ष जारी रहेगा: कल्पना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से बुधवार को मुलाकात की। करात ने मुलाकात कर उनके साथ पूरी एकजुटता व्यक्त की। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि संघर्ष जारी रहेगा और झारखंड भाजपा के आगे नहीं झुकेंगे। इस दौरान करात ने कई विषयों पर बातचीत की। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को निशाना बनाये जाने के खिलाफ माकपा के जरिये एकजुटता व्यक्त की गयी। इस दौरान सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान और समीर दास सहित अन्य मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**वृष** लोकप्रियता का विस्तार,धन लाभ, शत्रुयों पर विजय मिलेगा। आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में सफलता, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंग। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति।

**कर्क** सोचा हुआ काम पूरा होगा। आजीविका के क्षेत्र में रुकावट दूर होकर सफलता की ओर अग्रसर होंगे।

**सिंह** सक्रिय व्यक्तित्व का विकास, सामाजिक उलझनों का निवारण, रोजगार में अनुकूलता।

**कन्या** संकीर्ण मनोवृत्तियाँ दूर होगी, शत्रुओं पर विजय, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**तुला** आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ।

**वृश्चिक** शुभ-समाचार की प्राप्ति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**धनु** बौद्धिक प्रयासों में सफलता मिलेगी, सामाजिक जीवन में लोकप्रियता हासिल करेंगे।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा। बकाये रकम की प्राप्ति होगी।

**कुंभ** अपने काम के प्रति ही समर्पित रहें,कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मीन** व्यापार-व्यवसाय संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय और विस्तार के लिए अनुकूल समय रहेगा।

# भाजपा के शासनकाल में जेपीएससी नियुक्ति घोटाला हुआ : धर्मेंद्र तिवारी

## कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा की सीबीआइ जांच हो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि जेपीएससी नियुक्ति घोटाला भाजपा के कार्यकाल में हुआ। आयोग के अध्यक्ष और सदस्य जेल गये। भाई, भतीजाबाद, पैसे का बोलबाला रहा। बेरोजगार प्रतिभावान विद्यार्थियों का शोषण हुआ। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जांच नहीं करायी। न्यायालय के आदेश पर सीबीआइ जांच शुरू। जांच के 14 वर्ष हो गये, जांच पूरी



नहीं हुई। प्रतिभागियों को न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी राज्य में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरेगी। हमारा आंदोलन सिर्फ चुनावी-बेरोजगारों को गुमराह करने का इरादा नहीं है। युवाओं के हक में सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन होगा। इस मुद्दे को लेकर राजभवन के सामने एकदिवसीय धरना दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के छात्र-छात्राओं को शामिल किया जायेगा। इसकी तिथि बाद में घोषित की जायेगी। कर्मचारी चयन आयोग ने जब परीक्षा ली, तो प्रश्न पत्र लीक हो गया। भारतीय जनतंत्र मोर्चा की मांग है कि इसकी सीबीआइ जांच हो।

# झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी: आरती सिंह

## भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय हरमू में पदभार ग्रहण किया। इस पदभार ग्रहण समारोह में मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने पदभार ग्रहण समारोह में तलवार और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस पदभार ग्रहण समारोह में भाजपा प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि महिला मोर्चा आरती सिंह के नेतृत्व में बढ़िया काम करेगी। आगामी होने वाले चुनाव में महिला मोर्चा की अहम




भूमिका होगी और आरती सिंह के नेतृत्व में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाएं बेहतर काम कर डबल इंजन की सरकार बनायेगी। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि महिला मोर्चा अपनी बेहतर प्रदर्शन करेगी और केंद्र तथा राज्य में दोनों जगह भाजपा की सरकार बनेगी। सभी क्षेत्रों में महिलाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मोदी जी के कार्यकाल में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। मोदी जी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जहां महिलाओं के सम्मान के साथ साथ उनको अनेक लाभकारी योजना भी दिये और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा, विधानसभा के चुनाव में महिलाओं को आरक्षण देने का काम यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा दिया गया है। महिलाएं आज देश के विकास में अपना अहम भूमिका निभा रही है।

### सुषमा स्वराज की जयंती मनायी गयी

वहीं देश की पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की जयंती भी प्रदेश कार्यालय में मनायी गयी। इस समारोह में मंच संचालन डॉक्टर सीमा सिंह के द्वारा किया गया। इस पदभार ग्रहण समारोह में भाजपा प्रदेश के महामंत्री मनोज सिंह, मोर्चा की सीमा शर्मा, गंगोत्री कुजूर, प्रदेश महामंत्री डॉ सीमा सिंह, मंजू लता दुबे, उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू, सरिता पांडेय, रूपा सिंह, मंत्री रेणु तिर्की, रीता शर्मा, मीडिया प्रभारी नीलम चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा,प्रवक्ता सुचित सिंह, कार्यालय मंत्री बबीता वर्मा, रेखा महतो, प्रमंडलीय पदाधिकारी अर्चना सिंह, रितु रानी सिंह, कार्य समिति सदस्य अमिता भाटिया, लक्ष्मी कुमारी, रागिनी सिंह, निशी जायसवाल, पूनम आनंद, काजल प्रधा रीता छेत्री, कुमुद झा, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो सहित सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री, जिला परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

# झामुमो ने राज्य के जल, जंगल, जमीन के साथ अन्याय किया : रमाकांत महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झामुमो की न्याय यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया दी। रमाकांत महतो ने कहा कि झामुमो का इतिहास और वर्तमान दोनों झारखंड और झारखंड वासियों के साथ अन्याय से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले झामुमो ने झारखंड की जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए अलग राज्य आंदोलन के साथ अन्याय किया। आंदोलन की बोली लगायी और कांग्रेस के हाथों बेच दिया। यदि इनके मन में झारखंड को न्याय दिलाने की बात होती तो आंदोलन के साथ खिड़वाड़ नहीं करते। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही झामुमो ने राज्य के जल, जंगल, जमीन के साथ अन्याय किया। झामुमो की सरकार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जल, जंगल और जमीन को लूटने और लुटवाने में लग गयी। हेमंत सोरेन और उनके परिवार के लोगों ने नाम बदल-बदलकर



गरीबों की जमीन लूटी। हेमंत सोरेन ने अपने नाम पर माइंस की लीज ले ली। परिजनों के नाम पर आदिवासियों के लिए आरक्षित औद्योगिक भूमि को आवंटित करा दिया। अपने प्रतिनिधि और सहयोगियों को बालू, पत्थर लूटने की छूट दे दी। हेमंत सोरेन ने सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के युवा, बेरोजगार, महिला, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी के साथ केवल अन्याय किया। प्रति वर्ष 5 लाख नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता के लिए राज्य के सात लाख बेरोजगार युवा तरस रहे हैं। लाठी डंडा खाकर आंदोलन करने को मजबूर हैं। जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयीं। राज्य में हजारों बहन-बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रहीं हैं। घर में भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। तुष्टिकरण नीति के कारण गौ तस्करों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि महिला दारोगा को भी कुचलकर मार दे रहे हैं। रमाकांत महतो ने कहा कि पिछड़ा समाज तो पंचायत चुनाव में नीयत देखकर उम्मीद छोड़ चुका है। इस से ट्रिपल टेस्ट कराकर आरक्षण की उम्मीद बेमानी है। उन्होंने कहा कि किसानों की ऋण माफी तो दूर धान खरीद के पैसे भी नहीं मिल रहे हैं। किसान पिछले चार वर्षों में कम कीमत में बिचौलियों को धान बेचने में मजबूर हुए। उन्होंने कहा कि अन्याय की नीयत रखने वाला झामुमो अपने न्याय यात्रा से झारखंड की जनता को कैसा न्याय दिलायेगा।

# टीपीसी कमांडर तीन दिन की रिमांड पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड मामले में रांची पुलिस ने तृतीय प्रस्तुति कमेटी के कमांडर भीखन गोंझू को रिमांड पर लिया है। रांची ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बुधवार को बताया कि उग्रवादी भीखन गोंझू को तीन दिन के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि रांची के रातू थाना क्षेत्र के पिर्रा में बीते चार जनवरी को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वहीं दूसरी ओर हत्या के तीन दिन बाद टीपीसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। टीपीसी संगठन ने कारोबारी अभिषेक की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि अभिषेक श्रीवास्तव को लगातार चेतावनी दी जा रही थी। जो पैसा संगठन का खाकर बैठा



हुआ है, उसे वापस करने के लिए बोला जा रहा था। इसके अलावा क्षेत्र में जो भी कोयला का काम कर रहा था। उसे बंद करने के लिए बोला जा रहा था, ना तो वह काम बंद कर रहा था, ना ही संगठन का पैसा वापस किया। इस वजह से अभिषेक श्रीवास्तव पर कार्रवाई की गयी।

# सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन की प्रक्रिया में कोई पीछे नहीं छूटे : एल ख्यांगते

## इसे समावेशी-सहभागी बनाया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंटरनेशनल कांफ्रेस सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन फॉर फ्यूचर रेडी झारखंड के पहले दिन जस्ट ट्रांजिशन से संबंधित वैश्विक परिप्रेक्ष्य और बेस्ट प्रैक्टिसेज पर विमर्श हुआ। बुधवार को मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्ध है कि सस्टेनेबल ट्रांजिशन की इस प्रक्रिया में कोई भी पीछे नहीं छूटे, इसलिए इसे समावेशी और सहभागी बनाया गया है। इसी क्रम में राज्य में बेहतर नीति निर्धारण को दिशा देने के लिहाज से दुनिया के बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा के लिए भी विशेष दिन है। उन्होंने कहा कि कार्बन न्यूट्रल और जलवायू अनुकूल अर्थव्यवस्था की दिशा




में बेहतर परिणाम के लिए राष्ट्रीय-राज्यस्तरीय प्रयास जरूरी है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त आइएफएस अधिकारी अध्यक्ष टास्क फोर्स एके रस्तोगी ने कहा कि यह पहल झारखंड के भावी कदमों को चिह्नित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। यूपी के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह ने कहा कि झारखंड के परिवेश के लिए अनुकूल कम कार्बन से जुड़े नयाचारों और प्रभावी रणनीतियों को अपनाना जरूरी है।

# 16 के भारत बंद को कांग्रेस का समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देशभर के किसान संगठनों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में और केंद्र सरकार द्वारा किसानों के साथ किये जा रहे व्यवहार के विरोध में 16 फरवरी को बुलाये गये भारत बंद का कांग्रेस ने समर्थन किया है। राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से जारी दिशा-निर्देश के आलोक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर अपने-अपने जिलों में भारत बंद का समर्थन करने का निर्देश दिया है।

श्री ठाकुर ने बुधवार को कहा कि देश अराजकता के दौर से



गुजर रहा है किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए सड़कों पर हैं। देश का युवा रोजगार के लिए सड़कों पर उतरने को बाध्य है। अग्निवीर योजना से लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। आम जनता के हितों के विपरीत नीतियां लागू की जा रही है। कानून लाकर कभी ट्रक ऑपरेटरों को तो कभी आम जनता और छोटे व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। देश की बागडोर संभालने वालों को इसकी कोई चिंता नहीं। मजबूरन जनता को अपने हितों की खातिर सड़कों पर संघर्ष का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है। कांग्रेस देश के उन तमाम तबकों के साथ खड़ी है, जो परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के किसानों ने अन्याय के खिलाफ जो कदम उठाया है, हम उनके साथ पूरी तरह से खड़े हैं।

# शहरी आजीविका पर राष्ट्रीय वर्कशॉप आज से




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आवासन-शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार और यूएनडीपी इंडिया की ओर से 15-16 फरवरी को होटल चाणक्य बीएनआर में शहरी आजीविका से संबंधित राष्ट्रीय कार्यशाला होगी। इसमें दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही भविष्य की कार्य योजना पर मंथन किया जायेगा, ताकि शहरी क्षेत्र में रहनेवाली महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# एनएसयूआइ प्रदेश अध्यक्ष का बयान छात्र विरोधी: ओम वर्मा

## आज राज्यपाल के नाम डीसी को स्मार पत्र

आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने बुधवार को कहा कि एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष अमीर हाशमी ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पत्र लीक मामले में जो बयान दिया, वह छात्र विरोधी है। उन्हें छात्रों के हित से कोई लेना देना नहीं है। केवल अखबारों की सुर्खियों में बने रहने के लिए छात्र विरोधी बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल के सीटों का जब 27-27 लाख में सौदा हो रहा था, तब जेएमएम-कांग्रेस सरकार या तो सोई हुई थी, या इसमें संलिप्त थी। 28 जनवरी को पेपर लीक उजागर होने पर जब सरकार ने एक हफ्ते तक कोई पहल नहीं की, तब आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा विधानसभा के विशेष सत्र में इस विषय को उठाया गया। इसके बाद एसआइटी का गठन किया गया। अमीर हाशमी अपने छात्र विरोधी बयान पर माफी मांगें। सीबीआइ जांच की मांग को लेकर आजसू द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को आजसू द्वारा सभी जिले के उपायुक्तों के माध्यम से राज्यपाल को स्मार पत्र सौंपा जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 15 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## सरस्वती पूजा : राजधानी में चहुंओर श्रद्धा, भक्ति के साथ पूजा की धूम

# ज्ञान, बुद्धि और विद्या की देवी की हुई पूजा

विद्या की देवी मां शारदे की पूजा पूरी भक्ति भावना के साथ श्रद्धापूर्ण माहौल में बुधवार को हुई। राजधानी में चहुंओर ज्ञान, बुद्धि और विद्या की देवी पूजी गयीं। सभी विद्यालय, कोचिंग संस्थान सहित अन्य प्रतिष्ठानों में भी मां की पूजा अर्चना की गयी। सुबह से ही रंग बिरंगे परिधानों में सजे छात्र-छात्राएं पूजा पंडाल में पहुंचने लगे। छात्रों ने पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मां की पूजा की। पूजा अर्चना के साथ प्रसाद का वितरण किया गया।

## एनआइबीएम में पारंपरिक तरीके से मनी पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरकुलर रोड साईं टावर स्थित एनआइबीएम में माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। निदेशक एमके गुप्ता ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से लगातार अपने सभी अनुभवी शिक्षक और होनहार युवा विद्यार्थियों के साथ पारंपरिक तरीके से मनायी जाती है। संस्थान में माता की प्रतिमा स्थापित गयी है। गुरुवार को हवन किया जायेगा। बच्चों ने संकल्प किया कि कड़ी मेहनत और माता के आशीर्वाद से कामयाब जरूर होंगे।

## बायोम इंस्टीट्यूट में धूमधाम से हुई सरस्वती पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरस्वती पूजा के पर बायोम इंस्टीट्यूट में धूमधाम बुधवार को पूजा की गयी। इसमें बच्चों के साथ फैकल्टी और मेंबर्स ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूजा अर्चना के बाद डॉयरेक्टर पंकज सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## छोटानागपुर आदिवासी क्लब में हुई सरस्वती पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** छोटानागपुर आदिवासी क्लब गाड़ी महुरमटोली बूटी के द्वारा बुधवार को सरस्वती पूजा मनाया गया। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, समिति अध्यक्ष संजय कुमार महतो, आनंद गोप, डॉ रूद्र नारायण महतो, गोलू महतो, निखिल महतो, रणधीर चौधरी, जीतेंद्र महतो, सूरज ओहदार, सुनील कुमार, शंभू महतो आदि उपस्थित थे।

## लिटिल विंग्स स्कूल में हुई सरस्वती पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं के अलावा अभिभावक भी शामिल हुए। इस अवसर पर भक्ति संगीत का कार्यक्रम भी हुआ। विद्यालय के निदेशक और प्राचार्या नीता सिंह ने सभी को सरस्वती पूजा की बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।

## ओरमांझी में टाइटेनियम महिंद्रा का नया वर्कशॉप खुला




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल के सामने एनएच 33 चिड़ियाघर के पास ओरमांझी में टाइटेनियम महिंद्रा का नया और झारखंड का सबसे बड़ा वर्कशॉप खुला। यह वर्कशॉप वर्ल्ड क्लास सुविधा से लैस है। पेंटिंग में बेहतर गुणवत्ता के लिए ऑटोमेटिक डबल चैंबर पेंट बूथ लगा हुआ है। गाड़ी वासिंग के लिए फुल बॉडी ऑटोमेटिक वासिंग इक्यूपमेंट लगा हुआ है। टाइटेनियम महिंद्रा में पिक एंड ड्रॉप सुविधा उपलब्ध है। टाइटेनियम महिंद्रा के नये वर्कशॉप में 22 सर्विस-बे लगे हैं। इससे गाड़ियां जल्द से जल्द सर्विस होकर कस्टमर को मिल पायेंगी। टाइटेनियम महिंद्रा के वर्कशॉप का टाइ-अप सभी इंश्योरेंस कंपनी से है। वर्कशॉप में हाइली ट्रेंड और स्कील मैनपावर, जो गाड़ियों की बेहतर सर्विस देंगे। टाइटेनियम महिंद्रा में गाड़ियों की पार्किंग के लिए बहुत बड़ा ओपन स्पेस है।

## श्याम मंदिर में हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी मनी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से संचालित हरमू रोड श्याम मंदिर में बुधवार को भक्तों की भीड़ रही। मंगल आरती के बाद मंदिर के गर्भ गृह में पर्दा लगा कर बसंत पंचमी उत्सव अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। खाटू नरेश को महास्नान करा कर नया वस्त्र पहनाया गया। इसके बाद दिव्य मनोहारी श्रृंगार करके गुलाब के इत्र से बाबा की मसाज की गयी। श्याम मंदिर में स्थित सभी गर्भ ग्रह बसंती केसरिया रंग में रंगे हुए थे। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि वसंत पंचमी के विशेष पर्व के पर बुंदिया समेत विभिन्न फल-मिष्ठान का भोग अर्पित कर आरती की गयी। यजमान राजकुमार नारसरिया, उषा नारसरिया, विवेक सोनी, मनीष ज्योति नारसरिया ने बसंत पंचमी उत्सव की सभी सेवाएं निवेदिता दी। श्याम सुंदर शर्मा और प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य की टोली ने खाटू नरेश की पूजा की।

मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू के दिशा-निर्देश में मालाओं को सजाया गया। मौके पर मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, श्रवण, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनोली, पंकज गाड़ोदिया, विवेक नारसरिया, रौनक पोद्दार, दिलीप अग्रवाल, विक्रम खेतावत समेत अन्य उपस्थित थे।

# शिव बारात आयोजन समिति ने महादेव का तिलकोत्सव मनाया

- धूमधाम से निकाली गयी शोभायात्रा
- पूजा-महाआरती के बाद प्रसाद वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को महादेव का तिलकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर निकली शोभायात्रा हरिओम मंदिर रातू रोड रांची से चल कर मेट्रो गली होते हुए कृष्णनगर कॉलोनी, राधा कृष्ण मंदिर, माउंट मोटर गली, इंद्रपुरी स्थित शिव मंदिर प्रांगण पहुंची। यहां विधि-विधान के साथ देवाधिदेव महादेव का तिलकोत्सव मनाया गया।

पूजा अर्चना के बाद महाआरती की गयी। इसमें समिति के शैलेंद्र कुमार, सुनीता देवी, अशोक यादव, दिलीप गुप्ता, नवीन पपनेजा, हीरालाल पपनेजा, नमन भारतीय, राकेश अरोड़ा, विजय वर्मा, रवि अरोड़ा, संजय अरोड़ा, संजय अग्रवाल, लाल नारायण गुप्ता, गुड्डू, सोनू, बंटी समेत अन्य शामिल हुए।

## चुटिया में खुला एलएन इंटरनेशनल स्कूल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधायक सीपी सिंह ने बसंत पंचमी पर बुधवार को चुटिया में एलएन इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ किया। साथ ही बाल गोपाल किड्ज एकेडमी के आठवें स्थापना दिवस पर भी स्कूल प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं। कहा कि सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर एक नये स्कूल का खुलना सुखद है। यहां के बच्चों ने श्रीगणेश वंदना और प्रभु श्रीराम को स्मरण, नमन करते हुए अपनी और स्कूल की मजबूत सांस्कृतिक छवि को दिखाया है। यहां अंग्रेजी माध्यम से भले पढ़ायें, पर पढ़ाई के साथ संस्कार उनमें जरूर दें। निदेशक सुमित पांडेय, प्रिंसिपल मधुमिता पांडेय, सचिव स्वामी सत्यनारायण, वरुण साहू, समाजसेवी मुनचुन राय सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरला बिरला के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेइइ मेंस 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। आयुश राज यादव ने 98.78 पर्सेंटाइल, धैर्य पांडेय ने 98.57 पर्सेंटाइल, आर्यमान कुमार ने 97.63, शिवम मिश्रा ने 96.68, भूमि केसरी ने 95.39, रणवीर राज ने 94.89, रूपेश आनंद ने 94.61, अपूर्बो रॉय ने 94.34, प्रभु समर्पित नायक ने 93.97, आकर्ष कुमार सिंह ने 92.60 और सौरभ तिवारी ने 92.43 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल का मान बढ़ाया है।

विद्यालय के कार्मिक-प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने जेइइ मेंस उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को बधाई दी और अगले चरण के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की इस उपलब्धि की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।




## आइएएस स्टडी सेंटर में हुई मां सरस्वती की पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** इस्ट जेल रोड रांची स्थित आइएएस स्टडी सेंटर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सरस्वती पूजा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ की गयी। इस पूजा में कोचिंग के सभी शिक्षक एवं झाप्रसे में सेवा में कार्यरत अधिकारी जो इस संस्थान से मार्गदर्शन लेकर झारखंड सरकार में सेवा दे रहें हैं वो सभी अपना बहुमूल्य समय निकालकर निदेशक रवींद्र सर से मिलकर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण करते हुए उसी दौरान अपनी पुरानी यादें को सभी मिलकर एक दूसरे में विचार विमर्श किया। इस पूजा में कर्मचारी गण एवं छात्र-छात्राओं के अलावा अभिभावक भी शामिल हुए। इस अवसर पर भक्ति-संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर राम लखन सर, अली सर, चंदन सर, केपी दूबे सर, चंद्रगुप्त सर, ऋषिकेश, रिद्धि एवं रिलायबल एडवरटाइजिंग के प्रोपराइटर रवींद्र सिंह ने सभी को सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर मां से उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की।

## पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव : 53 झारखंडी प्रतिभागी दिखायेंगे दम

# रांची यूनिवर्सिटी की टीम ओड़िशा रवाना, कुलपति ने की रवानगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के छात्रों की 53 सदस्यीय टीम युवा महोत्सव में भाग लेने बरहमपुर विश्वविद्यालय ओड़िशा के लिए बुधवार को रवाना हुई। बेसिक साइंस कैंपस स्थित आर्यभट्ट सभागार से कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने फ्लैग दिखा कर रवाना किया। बताते दें कि ओड़िशा में आयोजित हो रहे इस्ट जोन युवा महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय से जा रही छात्रों की टीम 21 विभिन्न इवेंट में भाग लेगी। ये सभी छात्र रांची विश्वविद्यालय में हाल में संपन्न इंटर कॉलेज युवा महोत्सव के विजेता थे। टीम मैनेजर के रूप में सुजीत कुमार शर्मा और डॉ पूनम निगम सहाय गयी हैं। साथ ही शिक्षक मनीष कुमार और बिपुल नायक भी गये हैं। कुलपति डॉ सिन्हा ने विश्वास जताया कि इस्ट जोन युवा महोत्सव में भी छात्र विजयी होकर आयेंगे। छात्रों की इस रवानगी के अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ समृति सिंह और अन्य उपस्थित रहे।

### प्रतिभागियों की सूची

फोटोग्राफी- धीरज कुमार तांती

संगीत- मान्या पांडेय, मयी पॉलिना आइंद, विनय विजेता आइंद, ममता लकड़ा, प्रीति अर्चना होरो, कृति तिवारी

शास्त्रीय संगीत- अनंदिता, सुष्मा, अनन्या, श्रुति, शिवाजंलि

क्लासिकल डांस- शकुंतला

फोल्क डांस- दिव्या, रानी कुमारी, सरोज, खुशबू, रानी खलखो, फूल कुमारी, अनुज शर्मा, सुष्मती कुमारी

मिमिक्री- जीतेंद्र कुमार

डिबेट- आकाश कमार, अभिषेक घोष

क्विज- आकाश कुमार, शिवम कुमार प्रजापति, सूर्यांश

थियेटर- शुभम पन्ना, अनमोल, अरीब, अमरनाथ कीर्ति, अंकिता, बादल, आकांक्षा

फाइन आर्ट- नायब फरेबी, पूनम कुमारी, फतेह नाज,

स्किट-गरिमा, पुष्पा, नेमत आफरीन, अदिति, रूबी, लालसा

### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष से मिले आशुतोष द्विवेदी, दी बधाई

## कलाकारों को बढ़ाना ही युवा मोर्चा की प्राथमिकता: शशांक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने बुधवार को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज से मुलाकात की। साथ ही शशांक को नये दायित्व के लिए बधाई दी। मौके पर द्विवेदी ने कला और खेल के विकास संबंधित कई विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि झारखंड कलाकारों और खिलाड़ियों का गढ़ है। इन लोगों को बढ़ाने के लिए हम सभी को कार्य करने की जरूरत है। शशांक राज ने कहा कि कलाकारों और खिलाड़ियों को बढ़ाना ही युवा मोर्चा की पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी जागरुकता अभियान के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# राजधानी में कार का शीशा तोड़ कर 14 लाख की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी के गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित राम मंदिर के पास बुधवार की दोपहर कार का शीशा तोड़ कर 14 लाख रुपये चोरी कर ली गयी। बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला, जिसमें पता चला है कि बाइक सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में उमेश पांडेय ने थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज करायी है।

उमेश मनरेगा और कृषि विभाग में पौधा सप्लाई करने का काम करता है। थाना प्रभारी ने बताया कि वारदात की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# दुकानदार की दिलेरी से ज्वेलरी दुकान में लूट विफल

**अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड में है दुकान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड में रिलायंस फ्रेश के पास ज्वेलरी दुकान में लूट का प्रयास हुआ है। हालांकि दुकानदार ने इस लूट को विफल कर दिया। वहीं अपराधी पिस्टल छोड़ कर भाग गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी घटनास्थल पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज को निकाला गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं पुलिस आसपास के लोगों और दुकानदारों से पूछताछ कर रही है।

**पुलिस ने मोबाइल-बाइक को किया जब्त :** दुकान में तीनों अपराधियों ने हथियार के बल पर लूटने का प्रयास किया। इस दौरान अपराधियों और जेवर दुकान संचालक दीपेश में जम कर हाथापाई हुई। दुकान में हल्ला होने के बाद तीनों अपराधी किसी तरह मौके से फरार हो गये। भीड़ को अपनी तरफ आता देख सभी अपराधी अपनी बाइक को भी छोड़ कर मौके से भाग गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से मोबाइल जब्त किया। बाइक भी साथ ले गये। इसकी जांच की जा रही है। हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि पुलिस के हाथ कुछ सीसीटीवी फुटेज भी लगे हैं। उसी के आधार पर अपराधियों की तलाश की जा रही है।

# पहाड़ी बाबा की भव्य तिलक उत्सव शोभायात्रा निकली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आर्यपुरी शिव मंच मंदिर हिमालय परिवार ने बसंत पंचमी बुधवार को गाजे बाजे के साथ पहाड़ी बाबा का भव्य तिलक उत्सव शोभायात्रा निकाली। पहाड़ी मंदिर में नेगचार और अन्य धार्मिक अनुष्ठान के बीच तिलक उत्सव हुआ। इसमें हिमालय परिवार के सदस्य रंग-वीरंगी टोकरियों में तिलक सामग्री अपने माथे पर रख कर पहाड़ी बाबा की जय, भोलेनाथ की जय, पार्वती -शिव की जय कारो के साथ पहाड़ी मंदिर पहुचे, जहां पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के मुख्य संयोजक जितेंद्र सिंह, संरक्षक राकेश सिन्हा, अध्यक्ष राजेश साहू , बादल सिंह, गगन कुमार, उर्मिला चौधरी, राज कुमार तलेजा, मिहुल प्रसाद, दीपक नंदा, राम सिंह की ओर से हिमालय परिवार के सभी शराति पक्ष का स्वागत पुष्प वर्षा कर के स्वागत किया गया। इसके बाद आर्यपुरी शिव मंदिर के पुजारी नंदकिशोर पाठक, रितेश पाठक, संदीप कुमार जैन का स्वागत पहाड़ी मंदिर के पुजारी संत कबीर दास एवं पिंटू पांडेय, मणिकांत पांडेय के द्वारा अंगवस्त्र दे कर और माला पहना कर स्वागत किया गया। इसके बाद विधि विधान से तिलक उत्सव की रस्म पूरी की गयी, छप्पनभोग के साथ आरती किया गया और पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया, इस मौके पर प्रातः पहाड़ी बाबा की नित्य पूजा अर्चना आरती के बाद बाबा को महाभंडारे के प्रसाद का भोग लगाया गया, सुबह 9 बजे से बाबा का भंडारा शुरू हुआ जो देर रात तक चला, भंडारे में मुख्य रूप से प्रेम साहू, अशोक बजाज, दिलीप अग्रवाल, सुमित बजाज, बबलू जायसवाल, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, राजीव वर्मा, आयुष, मोती सिंह, गोपाल यादव, गुड्डू, संध्या देवी, नेहा शिवर्मका, मनोरमा, नीलम, रेणु, पुनम, नवीन पपनेजा, शंकर गिंदर, संजय अरोड़ा, रमेश चौधरी, प्रभा देवी, तड़ित राय, अमृत रमन, सूरज, अंकित, गोपाल, कैलाश राय, जितेंद्र, अमित पांडेय, अभिषेक यादव, राहुल तिवारी, राज कुमार, सुरेश पाहन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# हर गली-मोहल्ले में ज्ञान की देवी शारदा की हुई वंदना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के हर गली और मोहल्ले में वसंत पंचमी पर बुधवार को ज्ञान की देवी मां शारदा की वंदना हुई। शैक्षणिक संस्थानों, विभिन्न चौराहों, गलियों और मोहल्लों में मां सरस्वती की मूर्तियां स्थापित की गयी हैं। इसी सिलसिले में विद्यासागर पूजा क्लब कैलाश बाबू स्ट्रीट नियर टैक्सी स्टैंड में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। आकर्षक लाइट्स, सजावट और धार्मिक संगीत से वातावरण भक्तिमय माहौल में छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों में उत्साह रहा। शहर में सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस विभाग की विशेष तैयारी रही। पूजा कमेटी के बिक्रम सिंह ने बताया कि 16 फरवरी को महा आरती, महा भंडारा के पश्चात प्रतिमा विसर्जन के साथ कलश विसर्जन शोभायात्रा 17 फरवरी को किया जायेगा। इस दिन महा भंडारा आयोजन के साथ पूजा संपन्न होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक बीके जायसवाल, लंकेश सिंह, विष्णु राम वर्मा, गोपाल ठाकुर, उमाशंकर दास, ओम प्रकाश साहू, मुन्ना चौरसिया, अधिवक्ता राजन सहाय, विश्व रूप दे, दीपक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विकास कुमार, महासचिव सनी कुमार, संगठन सचिव कौशल साहू, महामंत्री अमन वर्मा, उपाध्यक्ष बंटी साहू, राजदेव, प्रशांत वर्मा, चंचल कुमार, अक्षत सोनी, सचिन, उत्कर्ष तिवारी सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम दंडाधिकारियों और 600 अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती**

रांची में सरस्वती पूजा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले भर में दंडाधिकारियों और 600 अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। जवानों की तैनाती विसर्जन तक रहेगी। इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। रांची में सबसे ज्यादा अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के जरिए भी शहर पर नजर रखने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती कंट्रोल रूम में की गयी है। उन्होंने बताया कि अबतक जिले में कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# बारिश नहीं थमी, तो सब्जियां होंगी महंगी

**बारिश से राजधानी तर-ब-तर**

**मौसम केंद्र के अनुसार फिलहाल बारिश से राहत की उम्मीद नहीं है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य में मौसम ने करवट ली है। कई जिलों में मंगलवार से बारिश हो रही है। मौसम केंद्र के अनुसार फिलहाल बारिश से राहत की उम्मीद नहीं है। बुधवार शाम को रांची में जोरदार बारिश हुई। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पिछले तीन दिनों से राजधानी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा हो रही है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार बुधवार को भी चतरा, गढ़वा, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है।

राज्य में बेमौसम बारिश का खेती-बाड़ी पर मिलाजुला असर पड़ने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञ और जिला कृषि पदाधिकारी डॉ रामाशंकर सिंह ने बताया कि बेमौसम हो रही बरसात का खेतीबाड़ी पर मिलाजुला असर पड़ेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से राज्य में हो रही वर्षा जहां गेहूं, तिलहन और दलहन के लिए लाभकारी साबित होगा। सब्जियों के लिए यह वर्षा नुकसानदायक साबित होगा। उन्होंने बताया कि यदि वर्षा अगले दो से तीन दिन और हो गया तो खेत में लगी सब्जियों को नुकसान पहुंचना तय है। आलू की फसल जहां तैयार हो गयी है, उस पर बेमौसम बरसात का खराब असर पड़ेगा। मौसम केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को राज्य के पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भाग वाले जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा की उम्मीद है।

# संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर कल भारत बंद

**अल्बर्ट एक्का चौक पर केंद्र सरकार का पुतला फूंका**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 16 फरवरी को भारत बंद और आम हड़ताल रहेगी। महेंद्र पाठक भाकपा कार्यालय अल्बर्ट एक्का चौक पर बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनर तले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बॉर्डर पर केंद्र सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में एमएसपी के लागू करने किसानों पर किये गये मुकदमा को वापस लेने, स्वामीनाथन आयोग के सिफारिश को लागू करने, ड्राइवरों के विरोध में बनाये गये कानून को वापस लेने सहित कई मांगों के समर्थन में किसान दिल्ली जा रहे थे। इस पर केंद्र सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस की ओर से वॉटर कैनल आंसू गैस के गोले, लाठीचार्ज एवं कई तरह के आंदोलनकारियों पर कार्रवाई की जा रही है। बैठक में संगठनों के नेताओं ने कार्रवाई की निंदा की और अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला भी दहन किया। संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने 16 फरवरी के आम हड़ताल और ग्रामीण भारत बंद को सफल बनाने के लिए आम लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी को कोयला के खनन कार्य और ट्रांसपोर्टिं बंद रहेंगे, बैंक, एलआइसी सहित सरकारी कार्य बंद रहेंगे। सारे मजदूर हड़ताल पर रहेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हड़ताल पर रहेंगे और जगह-जगह जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के विरोध में सड़कों पर किसान मजदूर का सैलाब दिखायी पड़ेगा। इस मौके पर ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव अशोक यादव, किसान सभा के अजय कुमार सिंह, झामुमो किसान मोर्चा के झब्बूलाल महतो, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के इम्तियाज खान, झारखंड राज्य किसान सभा सुफल महतो, इंटक के प्रवीण दुबे, नीरज सिंह, सिमरन मिंज, अवधेश सिंह, कृष्ण वर्मा, जगन्नाथ उरांव, पुरंदर महतो, एली सभा एकता प्रतीक मिश्रा, संतोष, नागेंद्र, सुदामा खलको, भीम, वीरेंद्र सहित कई जन संगठनों और सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।

# 2024 में तीन-चार टुकड़ों में बंट जायेगा झामुमो : निशिकांत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सांसद निशिकांत दुबे ने बुधवार को बाबानगरी देवघर में कहा, मैंने पहले ही हेमंत सोरेन के बारे में कहा था कि उनको जेल जाना होगा। हेमंत सोरेन और उनके परिवार को जेल जाना होगा। डॉ दुबे ने कहा कि मैंने सोशल मीडिया पर ट्वीट किया था कि कुछ विधायक हमारे संपर्क में हैं। झामुमो और कांग्रेस का अस्तित्व मिट जायेगा। कुछ लोगों को ऐसा लग रहा था कि मैंने गलत ट्वीट किया है। मैंने उन सभी लोगों से कहा था कि इस ट्वीट को संभाल कर रखियेगा, क्योंकि 2024 में झारखंड में न तो झामुमो बचेगा, न कांग्रेस बचेगी। निशिकांत दुबे ने कहा कि 2024 में झामुमो तीन से चार टुकड़ों में बंट जायेगा। पार्टी खंड-खंड हो जायेगी। बाबा के आशीर्वाद से तीन-चार साल में कुछ बातें कहीं थीं। सबसे पहले कहा था कि हेमंत सोरेन परिवार को जेल जाना होगा। हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। अब कह रहा हूं कि झारखंड से कांग्रेस और झामुमो खत्म हो जायेगा।

# आर्किटेक्ट विनोद को इडी ने फिर भेजा समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पूछताछ के लिए आज इडी दफ्तर बुलाया**



**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के करीबी माने जाने वाले आर्किटेक्ट विनोद सिंह को भी इडी ने समन किया है। इडी ने उन्हें समन भेजकर 15 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले इडी ने बीते तीन जनवरी और 13 फरवरी को विनोद सिंह के कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस दौरान इडी को विनोद सिंह और हेमंत सोरेन के बीच हुए वॉट्सएप चैट का पूरा ब्योरा मिला था,जिसमें बरियातू की उक्त 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हाल बनाने का मैप तो मिला ही था। इसके अलावा अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग व प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षार्थियों के लिए अनुशंसाएं व आग्रह भी था। हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है।

**विनोद सिंह और भानु बन सकते हैं सरकारी गवाह**

बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और विनोद सिंह सरकारी गवाह बन सकते हैं। जमीन घोटाला मामले में दोनों से ही इडी को छानबीन में बहुत सहयोग मिला है। बताया जा रहा है कि इनसे मिले इनपुट के आधार पर इडी को अनुसंधान में बहुत तथ्य मिले हैं, जो केस को मजबूती देंगे। छह अप्रैल 2021 को विनोद सिंह ने बैंक्वेट हॉल के निर्माण का नक्शा हेमंत सोरेन को चैट के जरिए भेजा था। इडी का दावा है कि इस चैट में जो लोकेशन दिया गया है, वह बरियातु स्थित 8.5 एकड़ जमीन है।

## हेमंत सोरेन को आज कोर्ट में पेश करेगी इडी

**रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की 13 दिनों की इडी रिमांड की अवधि गुरुवार को समाप्त हो रही है। जिसके बाद इडी की टीम उन्हें इडी की विशेष अदालत में पेश करेगी। पेशी के साथ उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया जायेगा। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन को इडी ने जमीन घोटाला मामले में बीते 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उन्हें तीन बार रिमांड पर लेकर कुल 13 दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। कोर्ट में हेमंत की पेशी के दौरान इडी ने अदालत के समक्ष दावा किया है कि हेमंत सोरेन और विनोद के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है।**

## सीसीएल प्रबंधन क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक का संयुक्त मोर्चा ने किया बहिष्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सीसीएल प्रबंधन द्वारा बुधवार को आयोजित क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक का विभिन्न कोल मजदूर संगठनों ने बहिष्कार कर करते हुए बैठक में जाने से इंकार कर दिया। संयुक्त मोर्चा में शामिल झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रिय सचिव राजेश यादव, अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के अध्यक्ष अशोक दास, कोयला मजदूर यूनियन के अमित यादव, बीएमएस के प्रमोद सिंह, आरकेएमयू के दौलत हजाम, यूनाईटेड कोल वकर्स यूनियन के देव शंकर मिश्रा, सीटू के राजु यादव की माने तो सीसीएल प्रबंधन के मनमाने रवैया के कारण मोर्चा ने बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। कहा कि पिछले कई बैठको में उठाये गये सवालों पर प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं किया गया था और न ही मजदूर हित में उठाये गये कई सवालों को प्रबंधन द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। कहा कि प्रबंधन सिर्फ फोटो खिंचवाने में वयस्त हैं, जबकि प्रबंधन के द्वारा यूनियन के सुझावों को नजर अंदाज किया जाना मजदूरो के अधिकारो का हनन है। कोल मजदूर यूनियन के नेताओं ने सीसीएल प्रबंधन से कार्यशैली में सुधार लाने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रबंधन मजदूरों के हित में काम करें।

## महत्वपूर्ण खबरें

### हंस वीणा क्लब सरस्वती पूजा समिति ने मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की



रांची (आजाद सिपाही)। हंस वीणा क्लब सरस्वती पूजा समिति आनंद विहार कॉलोनी के तत्वावधान में क्लब के सदस्यों ने सरस्वती पूजा धूमधाम से मनायी। मां सरस्वती की वंदना और आरती की गयी। इस मौके पर क्लब के सदस्यों के साथ कई छोटे बच्चों ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा की। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मां सरस्वती विद्या की देवी है। भक्तों ने मां सरस्वती का जयकारा भी लगाया। पूजा को सफल बनाने में मुख्यरूप से ओम वर्मा, रवि ठाकुर, सोटू, अनिकेत, शुभम वर्मा, अंकित वर्मा, शुभम मांझी, पीयूष कुमार, नितेश वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### शिंदे सरकार ने तख्त हजूर साहिब पर दखलंदाजी पर फैसला वापस लिया



रांची (आजाद सिपाही)। आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के अध्यक्ष तजेंद्र सिंह ने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार को तख्त हजूर साहिब नांदेड़ में दखलंदाजी का फैसला वापिस लेने पर शिंदे सरकार को समझदार सरकार बताया है। अकारण गुरुद्वारा एक्ट 1956 को खत्म कर 2024 में नया एक्ट बनाकर तख्त श्री हजूर साहिब की कमेटी में सरकार अपनी सोच थोपने का प्रयास कर रही थी जिसे हजूर साहिब, महाराष्ट्र की संगत देश भर की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटिया ने विरोध दर्ज किया था। सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन सिख समाज की ओर से महाराष्ट्र के शिंदे सरकार को सुझाव देती है की आगे से ऐसा कोई फैसला न ले जिससे सिख धर्म की संगत में आहत हो। गुरुद्वारों ने हमेशा सर्व धर्म का सम्मान किया है और लंगर के माध्यम से सभी देश वासियों की सेवा करती है इसलिए इसमें कोई भी सरकार दखल अंदाजी न करे।

### कला संगम का सरस्वती पूजा महोत्सव



रांची (आजाद सिपाही)। अपर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में सरस्वती पूजा महोत्सव मनाया गया। इस वर्ष राजस्थानी महिलाओं के श्रृंगार में मां का स्वरूप प्रदान कर स्थापित किया गया। इस महोत्सव में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज साहू, मुख्य प्रभारी विजय गुप्ता, अनमोल सिंह, नमन भारतीय, प्रभाकर गौतम, उप सचिव सुशील साहू, राज साहू और अन्य का योगदान रहा।

## नाम परिवर्तन

मैं सुनीता मिंज पति अनिल भगत रैंक EX- SEP आर्मी नम्बर 14665308 P ग्राम चौकनी,पोस्ट हेसवे, थाना सेन्हा, जिला लोहरदगा, झारखण्ड का निवासी हूँ, मेरा शपथ पत्र संख्या 6390 दिनांक 25. 01.2024 के द्वारा मैं घोषणा करती हूँ,की मेरे पति का सर्विस बुक में मेरा नाम SUNITA MINGE अंकित हो गया है,जो गलत है मेरा सही एवं वास्तविक नाम SUNITA MINZ है, जो मेरा आधार कार्ड,वोटर आईडी सहित सभी कागजात में SUNITA MINZ अंकित है, ये दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मैं स्वयं हूँ।

# फिर किसानों का जमावड़ा

उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से बड़ी संख्या में किसानों का दिल्ली मार्च शुरू करना कोई अच्छा संकेत नहीं है। लेकिन जिस तरह से पंजाब और हरियाणा की सीमा पर इन किसानों को रोकने के लिए पुलिस की ओर से कथित तौर पर ड्रोन के जरिये आंसू गैस के गोले बरसाये गये, उसके विजुअल परेशान करते हैं। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि किसानों की सभी मांगें वाजिब हैं। जिस तरह की तैयारियों के साथ किसानों के अलग-अलग जत्थे आ रहे हैं, उससे लगता है कि वे इस बार भी लंबे आंदोलन का मन बना चुके हैं। अगर ऐसा हुआ, तो उसका मतलब होगा राष्ट्रीय राजधानी के इर्द-गिर्द लंबे समय की जत्थेबंदी, जिससे न केवल दिल्ली-एनसीआर में रहने वालों का दैनिक कामकाज बाधित होता है, बल्कि बाहर यह संदेश भी जाता है कि देश में शायद सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। किसानों की तरफ से जिसे मुख्य मांग के रूप में पेश किया जा रहा है, वह है एमएसपी, यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी। यह मांग अव्यावहारिक है। यह समझना जरूरी है कि ऐसी कोई भी गारंटी वास्तव में महज एक कागजी वादा होगी। अनुभव बताता है कि यह वादा अमल में नहीं आता। मिसाल के तौर पर भारत सरकार 22 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है, लेकिन इन सबका फायदा किसानों को नहीं मिल पाता। उन्हें फसल के लिए डिमांड और सप्लाई के आधार पर बाजार में निर्धारित मूल्य ही मिल पाते हैं। एमएसपी का असर मुख्यतः दो ही फसलों पर दिखता है और वे हैं धान-गेहूं। जो बात एमएसपी को कारगर बनाती है, वह है सरकारी खरीद। इसके बगैर न्यूनतम समर्थन मूल्य बेमानी हो जाता है। इसकी पुष्टि धान और गेहूं के मुकाबले बाजरे की खेती पर नजर डालने से हो जाती है। 2014-15 से 2023-24 के बीच धान (सामान्य किस्म) पर एमएसपी सालाना औसतन 5.4 फीसदी और गेहूं पर 5.1 फीसदी की दर से बढ़ी, जबकि बाजरे पर 8 फीसदी की दर से। ज्यादा एमएसपी के बावजूद बाजरे का रकबा 2011-12 से 2021-22 के बीच 24 फीसदी सिकुड़ गया, जबकि धान और गेहूं की खेती के इलाके में थोड़ी बढ़ोत्तरी हुई। साफ है कि किसान इस तथ्य को समझते हैं कि सिर्फ एमएसपी घोषित कर देने से उन्हें फायदा नहीं हो जाता। असल बात यह है कि उन्हें बाजार में सही मूल्य मिले। लेकिन सवाल यह भी है कि पिछले आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज किये गये मामले सहमति के बावजूद अभी तक वापस क्यों नहीं लिये गये। कई मामलों में उस दौरान जब्त किये गये ट्रैक्टर अभी तक नहीं छोड़े गये हैं। किसानों की ये शिकायतें बिल्कुल वाजिब हैं। उनकी मांगों की सूची में ऐसी और भी चीजें देखी जा सकती हैं, जो तर्कसंगत हैं। उन पर सही कदम तत्काल उठाये जायें और एमएसपी की अव्यावहारिकता उन्हें समझायी जाये।

**किसानों की तरफ से जिसे मुख्य मांग के रूप में पेश किया जा रहा है, वह है एमएसपी, यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी। यह मांग अव्यावहारिक है। यह समझना जरूरी है कि ऐसी कोई भी गारंटी वास्तव में महज एक कागजी वादा होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पीएलआइ योजना का डिजाइन यह सुनिश्चित करता है कि यह प्रोत्साहन राशि जारी होने से पहले बिक्री (निर्यात सहित) के साथ-साथ अतिरिक्त निवेश को भी गति प्रदान करे। इसका मतलब यह है कि शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के संदर्भ में यह योजना अपने आप में आत्मनिर्भर है, क्योंकि वितरित किये जाने वाले प्रोत्साहनों की तुलना में राजस्व प्रवाहों (जीएसटी और प्रत्यक्ष कर संग्रह के रूप में) को हिसाब में शामिल किया जाये, तो यह अपने लिए अधिक भुगतान प्राप्त करती है।**

# भारत की पीएलआइ योजना की उपलब्धि और भविष्य की संभावनाओं का मूल्यांकन

राजेश कुमार सिंह





**भारत** की उल्लेखनीय विकास गाथा में यदि कोई चुनौती अभी तक बनी हुई है, तो यह निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी है, जिसकी भारत के जीवीए में हिस्सेदारी मात्र 17.4 प्रतिशत पर बनी हुई है। यह हिस्सेदारी कृषि की हिस्सेदारी से भी कम है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने के सरकार के लगातार प्रयासों के अंतर्गत विभिन्न पहलों की शुरुआत की गयी है। इन पहलों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू की गयी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना सबसे प्रमुख है।

घरेलू विनिर्माण में आमूल-चूल बदलाव के लक्ष्य के साथ शुरू की गयी पीएलआइ योजना का उद्देश्य क्षमता व दक्षता को बढ़ाना और वैश्विक चैंपियन का निर्माण करना है। इसके व्यापक लक्ष्यों में शामिल हैं- रोजगार सृजन करना, पर्याप्त निवेश आकर्षित करना, निर्यात बढ़ाना और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना। इसके गुणक प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान में संभावित वृद्धि हो सकती है तथा घरेलू कंपनियों का क्षेत्रीय और वैश्विक उत्पादन नेटवर्क के साथ निर्बाध एकीकरण हो सकता है।

**ये सफलताएं एक मजबूत और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम के क्रमिक विकास का संकेत देती हैं।**

अपने शुभारंभ के बाद से पीएलआइ योजना ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 746 आवेदनों को मंजूरी मिलने के साथ इस योजना ने कुल 1.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश अर्जित किया है। रोजगार सृजन पर भी काफी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों में। रोजगार के लगभग सात लाख नये अवसरों का सृजन हुआ है। इसके अलावा उत्पादन और बिक्री बढ़कर 8.70 लाख करोड़ रुपये हो गयी है तथा प्रोत्साहन के रूप में 4,415 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। प्रत्यक्ष लाभार्थियों में आठ पीएलआइ क्षेत्रों की 176 एमएसएमइ शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2028-29 तक सात साल की अवधि में, पीएलआइ योजना के तहत, 14 प्रमुख क्षेत्रों में तीन लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गयी हैं, जिसमें फॉक्सकॉन, सैमसंग, विप्रो, टाटा, रिलायंस, आइटीसी, जेएसडब्ल्यू, डाबर जैसी भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अग्रणी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली है।

पीएलआइ योजना स्मार्टफोन निर्माण में विशेष रूप से प्रभावी साबित हुई है, जिसने मोबाइल निर्यात में लगभग नगण्य से 2022-23 के 11 बिलियन डॉलर की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया है। अगले 2-3 वर्षों में शेष 14 क्षेत्रों पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ने का अनुमान है। मोबाइल विनिर्माण (वर्तमान में 20 प्रतिशत) जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त स्थानीय मूल्यवर्धन की कमी के बारे में कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गयी आशंकाएं एक हद तक गलत प्रतीत होती हैं, जब हम इस क्षेत्र के साथ-साथ इ-वाहन जैसे क्षेत्रों में स्थानीयकरण के लगातार बढ़ते रुझान को देखते हैं, जहां घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) न्यूनतम 50 प्रतिशत है। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के क्षेत्र में भी डीवीए पहले से ही 45 प्रतिशत है और इसे 2028-29 तक 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके अलावा, पीएलआइ योजना का डिजाइन यह सुनिश्चित करता है कि यह प्रोत्साहन राशि जारी होने से पहले बिक्री (निर्यात सहित) के साथ-साथ अतिरिक्त निवेश को भी गति प्रदान करे। इसका मतलब यह है कि शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के संदर्भ में यह योजना अपने आप में आत्मनिर्भर है, क्योंकि वितरित किये जाने वाले प्रोत्साहनों की तुलना में राजस्व प्रवाहों (जीएसटी और प्रत्यक्ष कर संग्रह के रूप में) को हिसाब में शामिल किया जाये, तो यह अपने लिए अधिक भुगतान प्राप्त करती है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि इकाइयों द्वारा दुकान स्थापित करने और सब्सिडी प्राप्त करने के बाद इन्हें बंद करने की बहुत कम संभावना है या कोई संभावना नहीं है, जैसा सब्सिडी से जुड़ी अन्य सरकारी योजनाओं के मामले में अक्सर होता है।

सरकार ने स्थानीय विनिर्माण को मजबूत करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण सहित अतिरिक्त उपायों को पीएलआइ योजना के लिए पूरक बनाया है। उदाहरण के लिए इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने खिलौना क्षेत्र को आगे बढ़ाया है, जिसका निर्यात 96 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 326 मिलियन डॉलर हो गया है। इसी तरह, स्थानीय खरीद और रक्षा गलियारों को खोलने जैसी नीतियों से उत्साहित रक्षा क्षेत्र के निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गयी है। रक्षा निर्यात 2014-15 के 700 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

ये सफलताएं एक मजबूत और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम के क्रमिक विकास का संकेत देती हैं। उन्नत प्रौद्योगिकियों पर पीएलआइ योजना का ध्यान, मौजूदा श्रम बल के कौशल को बेहतर करने, तकनीकी रूप से पुरानी मशीनरी को बदलने और विनिर्माण क्षेत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सक्षम बनायेगा। विशेष रूप से दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के क्षेत्र में, बढ़ी हुई उत्पादन मात्रा बढ़ती उपभोक्ता मांग को पूरा कर रही है, जहां योजना के समय पर लागू होने से पूरे भारत में 4जी और 5जी उत्पादों को तेजी से अपनाने की सुविधा मिली है।

इसके अतिरिक्त इ-वाहन, सौर पैनल जैसी हरित प्रौद्योगिकियों में पीएलआइ ने, फेम योजना और नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग को बढ़ाने जैसे मांग पक्ष के उपायों के साथ मिलकर, भारत को नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने एनडीसी लक्ष्यों से भी पार जाने में मदद की है। पीएलआइ के तहत बढ़ी हुई बिक्री के लिए बेहतर लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की आवश्यकता होगी, जिसका समाधान पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान का उपयोग करके हमारी अवसंरचना में भारी निवेश द्वारा किया गया है। अवसंरचना में भारी निवेश से पूरे भारत में विनिर्माण क्षेत्रों को मल्टीमॉडल परिवहन-संपर्क प्रदान करना संभव होगा। प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना के साथ क्लस्टर पार्क विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण को अतिरिक्त समर्थन प्रदान करते हैं।

राज्यों के साथ घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से प्राप्त एक समावेशी दृष्टिकोण, भारत के आंतरिक क्षेत्रों में उद्योगों और कारीगरों को देश की विकास गाथा का अभिन्न अंग बनने के लिए सशक्त बना रहा है। एक-जिला-एक-उत्पाद और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ाने के लिए क्लस्टर-आधारित योजना- स्फूर्ति जैसी पहलें भारत और उसके उद्योगों के लिए कथित प्रतिस्पर्धी नुकसान को अल्पकालिक और दीर्घकालिक फायदे में बदल रही हैं।

महामारी और परिणामी वैश्विक सामाजिक-आर्थिक उथल-पुथल से उत्पन्न चुनौतियों ने पीएलआइ योजना के सुविचारित उद्देश्यों की पुष्टि की है। इसका संबद्ध इकोसिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी), जो आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में योगदान देती हैं और अशांत वैश्विक परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाती हैं, के साथ एकीकृत होने की रणनीतिक स्थिति में है। एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर वैश्विक चैंपियन के रूप में उभरने के देश के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर, भारतीय निर्माता अपने सुविधा-क्षेत्र से आगे बढ़ने के प्रति उत्साहित हैं।

निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि पीएलआइ योजना भारत के विनिर्माण परिदृश्य को नया आकार देने वाली एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरी है। इसकी उपलब्धियां, रणनीतिक पहलों की परिवर्तनकारी शक्ति और भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता को रेखांकित करती हैं। यह योजना भारत को नवाचार तथा सतत व समावेशी विकास के भविष्य की ओर आगे बढ़ाती है। देश विनिर्माण उत्कृष्टता के एक नये युग के मुहाने पर खड़ा है।

**(लेखक भारत सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पूर्वी सिंहभूम जिले के 24वें डीसी का पदभार संभाला अनन्य मित्तल ने

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अनन्य मित्तल ने 24वें डीसी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व उन्होंने धनबाद में अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा और रांची में उप विकास आयुक्त सहित पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में डीसी के रूप में योगदान दे चुके है। बुधवार को निवर्तमान डीसी मंजूनाथ भजन्त्री, डीडीसी और अन्य अधिकारियो ने गुलदस्ता भेट कर डीसी अनन्य मित्तल का स्वागत किया। पदभार मिलने के बाद नवपदस्थापित डीसी ने कहा कि वर्ष 2017-18 के दौरान जिले में प्रोबेशन कार्य करने का अनुभव रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में उन अनुभवों से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास रहेगा। जिले में विधि व्यवस्था का संधारण और विकास कार्यों का सफल क्रियान्वयन प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने का प्रयास रहेगा। ताकि सभी सुयोग्य व्यक्ति और समाज के अंतिम छोर तक विकास की योजनाओं को पहुंचाया जा सके। मौके पर डीडीसी मनीष कुमार,एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ.जुझार माझी,निदेशक एनईपी ज्योत्स्ना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार,जिला भू अर्जन पदाधिकारी गुंजन सिन्हा सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक मंगल कालिंदी ने सरस्वती पूजा पंडालों का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर और ग्रामीण क्षेत्र में ज्ञान,विद्या, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कैरेज कॉलोनी, वमार्माइंस सनातनी बोय्स क्लब, जमशेदपुर प्रखंड उत्तरी सरजमदा पंचायत के एसपीटी बोय्स क्लब, खकड़ीपाड़ा में न्यू मिलन समिति व महतोडिह पूजा समिति में पूजा पंडालो का फिता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने पूजा अर्चना कर विद्यार्थियों के लिए उज्जल भविष्य की कामना की। विधायक ने कहा कि माता की पूजा से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। मां सरस्वती की कृपा पूरे जुगसलाई विधानसभा के लोगो मे बनी रहे।सभी के जीवन में ज्ञान सुख और खुशहाली आए यही कामना करते है।

मौके पर झामुमो नेता मानिक मल्लिक,जितेंद्र सिंह,महेंद्र पाण्डे, सरिता देवी, बादल दास, लाल्टू गोप, प्रकाश गोप, देव महतो, राहुल दास, पवन पाण्डे, श्रिकांत, रोहित पाण्डे सहित कमिटी के लोग उपस्थित रहे।

# डीडीसी ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** झारखंड सरकार के महा आकांक्षी योजना अबुआ आवास और आम बागवानी का डीडीसी मनीष कुमार ने निरीक्षण किया। बुधवार को डीडीसी ने माचा गांव में अबुआ आवास लाभुकों के घरों का निरीक्षण कर बीडीओ पटमदा को योग्य लाभुकों को ही आवास योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। मौके पर 15 वें वित्त आयोग से निर्मित सिंचाई नाली,मनरेगा योजना से तैयार आम बागवानी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दी। वही पटमदा प्रखंड के माचा प्रोजेक्ट गर्ल्स हाइस्कूल में सरस्वती पूजा में शामिल होकर बच्चों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उधर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 25 फरवरी तक चलाये जा रहे अभियान में बच्चों को फाइलेरिया से बचाव के लिए सुझाव देते हुए जागरूक किया। मौके पर डीडीसी ने आगामी लोकसभा को लेकर विभिन्न मतदान केंद्र में निरीक्षण कर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, रैंप, शौचालय, पहुंच पथ,मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की जानकारी ली। साथ ही माचा सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सुविधा उपलब्ध कराने में किसी तरह लापरवाही नही बरतने का निर्देश दिया। वही गर्मी के पूर्व चापाकल का निर्माण करवाने का निर्देश दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, बीडीओ श्रीमती पियूषा शालीना डोना मिंज, जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, सीएचसी प्रभारी डॉ क्रिस्टाफर बेसरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिले में सरस्वती पूजा की रही धूम

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के हर गली मोहल्ले में सरस्वती पूजा हर्ष उल्लास के मनाया गया। बुधवार को आदित्यपुर के कृष्णापुर में भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन टीएमसी नेता बाबू तांती ने किया। टीएमसी नेता ने पूजा अर्चना कर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्राथना की। साथ ही मां सरस्वती से जिले वासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर छोटी-छोटी बच्ची वस्त्र धारण कर मां सरस्वती के पूजा में शामिल हुए।

# बारीडीह में 108 कुंडीय गायत्री यज्ञानुष्ठान में 65 बच्चों का हुआ विद्यारंभ संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बारीडीह में चल रहे 108 कुंडीय गायत्री यज्ञ के तहत बुधवार सुबह 9 बजे से मंत्रोचार तथा पूजन के साथ यज्ञ के विविध कर्म प्रारंभ हुए जो दिन के एक बजे तक चले। सभी देवताओं का आह्वान के साथ पूजन किया । साथ ही यज्ञ की समाप्ति के समय सभी आवाहित देवताओं की विदाई की गई। आज 65 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार और 15 नए लोगों का दीक्षा संस्कार कराया गया. सभी संस्कार गायत्री परिवार की बहनों ने संपन्न कराये। हवन के बाद लगभग 2000 लोगों को निःशुल्क प्रसाद ग्रहण कराया गया। संध्या समय 5 बजे से यज्ञ प्रशाल में प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे राज कुमार भृगु ने भाई बहनों को जीने की कला सिखाई।

# सरस्वती पूजा का छात्राओं ने किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** वीमेंस यूनिवर्सिटी के बिष्टुपुर एवं सिदगोड़ा, दोनों कैंपसों में छात्रावास की द्वारा सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया. दोनों ही कैंपसों में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूजा- अर्चना की गई. कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जेवर दुकान से 1.5 करोड़ की लूट पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

हथियार से लैस थे सभी अपराधी, ग्राहक बनकर घुसे थे दुकान में

अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही है छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के गढ़ देवी मोड के पास स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स नामक प्रतिष्ठान में मंगलवार की रात्रि मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने डेढ़ करोड़ रुपए की जेवरात लूट लिया है। इसके बाद आक्रोशित दुकानदार एवं ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। घटना के संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों के बताया कि मंगलवार की रात्रि लगभग आठ बजे गढ़ देवी मोड़ चौक स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स में दो मोटरसाइकिल 6 लोग सवार होकर रूप अलंकार ज्वेलर्स में आये। पिस्टल के नोक पर 20 मिनट तक दुकान के अंदर लूट पाट किया। इस दौरान अपराधियों ने घटना के बाद दुकानदार को घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दे गया। इसके बाद अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के बाद जाते-जाते 3 हवाई फायरिंग किया। लेकिन दुकानदार मालिक को कनपटी को छूते हुऐ गोली निकल गई। घटना के बाद अलंकार ज्वेलर्स के मलिक के द्वारा दुकान में हुई लूटपाट की घटना का आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया है। उक्त अवेदन उन्होंनें कहा गया है। तीन अपराधी दुकान में ग्राहक बन कर आया और अंगूठी खरीदने की बात कहा, जिसके बाद एक एक कर तीनों अपना हथियार निकाल कर काउंटर पर रख कर धमकी दिया और दुकान के सभी जेवर को अलमीरा से निकालकर थैला में रखने को कहा। इसके बाद तीनो लोग दुकान में रखें सभी जेवर लगभग 3 किलो 800 ग्राम लेकर फायर करते हुए फरार हो गये। घटना के बाद विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस के टीम द्वारा जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। साथ ही लूट का सामान भी बरामद कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपराधी ज्यादा दिन तक बच नहीं सकता है। उन्होंने कहा की पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया है। कि आगे ऐसा घटना घटित ना हो।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि तीन लोग ग्राहक बनकर दुकान में घुसे थे। इस दौरान सोने की ज्वेलरी दिखा। इसके बाद हथियार निकाल कर लूटपाट किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लूटपाट के बाद भागने के दौरान दो-तीन फायर किया गया है। घटना में तीन लोग शामिल है। उन्होंने बताया कि बाहर में यदि लोग और होंगे तो सीसीटीवी में जांच किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दुकानदार पर गोली फायरिंग नहीं किया गया है भागते समय फायरिंग करने के दौरान सीसे में गोली लगी है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# बेमौसम ओलावृष्टि से खेतों में लगी फसल बर्बाद

आजाद सिपाही संवाददाता





**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के गड़ाखुर्द और बलियारी पंचायत में मंगलवार की रात्रि में हुई ओलावृष्टि से सैकड़ों एकड़ खेत में लगी खड़ी फसल सहित खपरैल घर को काफी नुकसान हुआ है। गड़ाखुर्द पंचायत के सुंडीपुर, बनकट, नारायणपुर, कसनप बलियारी पंचायत के सोनपुरा, बरवाडीह, ढेलकाडीह और बलियारी गांव में ओलावृष्टि का काफी असर देखा जा रहा है। मंगलवार की रात्रि में 11 बजे से दस मिनट तक ओलावृष्टि हुआ। जिसमें लगभग सैकड़ों किसानों के खेतों में लगी आलू, मसूर, गेंहू, ईख, चना, सरसो की खड़ी फसल को काफी नुकशान हुआ है। इसके साथ ही कई लोगों का खपरैल घर को भी नुकसान हुआ है। इस ओलावृष्टि में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकशान होने का अनुमान है। गड़ाखुर्द पंचायत के किसान देवेंद्र शर्मा, सरयू सिंह, गोपाल चौधरी, मुकेश सिंह, संतोष सिंह, ब्रजेश मेहता, सतेंद्र शर्मा, पूरन मेहता, राम प्यारे चौधरी, कृष्णा साव, सुनुर सिंह, बबलू सिंह, पंडित सिंह, उदय सिंह, जय मंगल चौधरी, जय प्रकाश मेहता, पुरुषोत्तम मेहता, विजय सिंह और वशिष्ठ सिंह सहित सैकड़ों ऐसे किसान है जिनका ओलावृष्टि से फसलों का नुकसान हुआ है। जबकि सुंडीपुर व बनकट गांव के नरेश राम, राही पासवान, देवानंद पासवान, बबलू पासवान, मुकेश पासवान, राज कुमार चौधरी, जनेश चौधरी, अखिलेश चौधरी पंकज मेहता सहित कई अन्य लोग हैं जिनका ओलावृष्टि से खपरैल घर का काफी नुकशान पहुंचा है। उसी क्षेत्र में बुधवार दोपहर दो बजे के बाद भी दुबारा वारिश के साथ ओलावृष्टि हुआ। गड़ाखुर्द पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह ने पंचायत में ओलावृष्टि से किसानों के फसलों व घरों को हुए नुकशान का जांच कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग सरकार से किया है।

## डंडई में बारिश के साथ ओलावृष्टि से नुकसान



डंडई (आजाद सिपाही)। बुधवार को डंडई प्रखंड के कई गांवों में करीब शाम पांच बजे अचानक बारिश के साथ ओलावृष्ट हुई। उससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ओलावृष्ट करीब 15 मिनट तक होते रहा। ओलावृष्टि के कारण रवि फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगी गेहूं, जौ, चना, अरहर की फसल बर्बाद हो गयी है। यहां तक की ओलावृष्टि के कारण कई लोगों के खपरैल मकान भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। वहीं कई पशु पक्षियों को भी घायल होने की सूचना है। ओलावृष्टि का सर्वाधिक असर सोनेहरा, बौलिया, करके, जर्दे, डंडई सहित अन्य गांव में देखा गया।

## रंका में भारी ओलावृष्टि, फसलों को पहुंचाया नुकसान

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय सहित सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी बुधवार को संध्या बेला में भारी ओलावृष्टि हुई। जिससे अरहर, सरसों सहित अन्य फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि से हुई क्षति पूर्ति की मांग किसानों ने सरकार से की है।

# सरस्वती पूजन महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में सरस्वती पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में सभी छात्र छात्राओं ने विभिन्न रागों पर आधारित माँ सरस्वती की वंदना गीत गाये। इस अवसर पर पूर्णिमा कुमारी ने राग दरबारी में शारदे हे हंस वाहिनी जयति वीणा वादिनी....., प्रियंका कुमारी ने राग बिलावल में हे शारदे माँ अपने शरण मे......., परिधि कुमारी ने राग भीमपलासी में सात स्वरों को सात रंग में स्वर की देवी संवार दो..... शिल्पी सोनी ने राग अड़ाना में जय जय सरस्वती माता....... सरिता कुमारी ने वरदे शारदे...... सुनेश विश्वकर्मा ने राग भैरवी में भवानी दायनी ........धर्मेंद्र कुमार ने राग जौनपूरी में कृपा करो माता शारदे....... लाल बहादुर ने राग आसावरी में वीणा की झंकार से जग में........ पूजा कुमारी ने माँ शारदे कहां तू वीणा बजा रही है......... मास्टर नैतिक पांडे ने राग बिहाग में हे शारदे माँ .......आकाश गुप्ता और अनन्या गुप्ता ने राग भोपाली में माता सरस्वती वरदायनी .......,नेहा कुमारी ने राग काफी में सारा जगत है तेरी शरण मे.......... इस तरह रितिक रौशन जितेंद्र कुमार छोटू राज परिधि कुमारी शशिकांत विश्वकर्मा रुद्र चौबे साकेत पांडे आराधना कुमारी राधिका कुमारी सारे संगीत के सभी छात्र छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत और भाव संगीत में एक से बढ़ कर एक भजन की प्रस्तुति देकर अपनी आराध्य माँ सरस्वती की आराधना किया। वाद्ययंत्र तबला पर संजय कुमार ऑर्गन पर दिलीप कुमार हारमोनियम पर मनीष मौर्य ने संगत किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सरस्वती पूजन महोत्सव का आयोजन हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। मां शारदे की षोडशोपचार पूजन विधिवत मंत्रोच्चार के साथ आचार्य कौशलेंद्र झा द्वारा किया गया। मां का पट खुलने पर संपूर्ण वंदना का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, अभिभावक गिरिवर शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के भैया बहनों की ओर से प्रतिनिधि यजमान प्राची कुमारी, खुशबू कुमारी और सागर कुमार ने संपूर्ण पूजन श्रद्धा पूर्वक किया। पूजा स्थल को बड़ी मनोहारी ढंग से सजाया गया। जिसमें विगत 5 दिनों से प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बच्चों एवं दीदीजी के साथ मिलकर सजावट की विभिन्न सामग्रियों का निर्माण किया। इस अवसर पर 51 नन्हे मुन्हे बच्चों का अक्षरारंभ संस्कार कराया गया। इन बच्चों को कॉपी और पेंसिल उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस उत्सव में आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, विवेक, दीपक, अविनाश, नीरज कुमार सिंह कृष्ण कुमार पांडे अशोक कुमार दिनेश कुमार नंदलाल पांडे प्रसून कुमार सुजीत कुमार दुबे आचार्य आरती श्रीवास्तव नीति कुमारी सुप्रिया कुमारी प्रियंवदा नेहा सलोनी रेनू पाठक और बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे।

# कांडी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के रसोइयों का प्रखंड स्तरीय कुकिंग कंपटीशन का आयोजन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत कांडी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के रसोइयों का प्रखंड स्तरीय कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। उक्त कंपटीशन में अतिथि के रुप में पहुंचे प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय और प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय ने रसोइयों द्वारा बनाये गये भोजन का स्वाद लेते हुए स्वादिष्ट भोजन के आधार पर प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी की रसोइयों को प्रथम व उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरसोता के रसोइयों को द्वितीय पुरस्कार का सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस अवसर पर मध्याह्न भोजन प्रभारी सुमंत कुमार, बीआरपी सह सीआरपी सुनील कुमार, सीआरपी अरुण कुमार व प्रभु राम सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# ओबीसी एकता और अधिकार मंच व्यवसायियों की लूट और हत्या की घटना बर्दाश्त नहीं करेगा : बीडी प्रसाद



गढ़वा (आजाद सिपाही)। ओबीसी एकता और अधिकार मंच के प्रमंडलीय समन्वयक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा है कि जिस तरह से बेखौफ अपराधियों द्वारा मेंन रोड गढ़वा के रूप अलंकार ज्वेलर्स में हथियार के बल पर लूट का घटना को अंजाम दिया गया और गोली चलाकर व्यवसायी का हत्या का प्रयास किया गया। यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। जिला प्रशासन और राज्य सरकार से ओबीसी एकता और अधिकार मंच यह मांग करती है कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें और लूटी गयी सामान को बरामद कर व्यवसायी को उपलब्ध करें। इस तरह की विधि व्यवस्था से पूरा ओबीसी समाज में आक्रोश है और व्यवसायी समाज जिला प्रशासन से यह मांग करता है कि इस तरह की घटना पर लगाम लगाया जाये, क्योंकि व्यवसायी समाज सरकार को टैक्स देता है। जिससे देश और राज्य की अर्थव्यवस्था चलता है। पलामू प्रमंडल में लगातार व्यवसायियों का हत्या, हमला, लूट व चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जिसका उदाहरण छतरपुर में हरिहरगंज की व्यवसायी शुभम कुमार के हत्या, छतरपुर में एक डॉक्टर के ऊपर अपराधियों के द्वारा गोली मारकर घायल करना, पंडवा प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देना और गढ़वा में रूप अलंकार ज्वेलर्स में गोली चलाना प्रशासन और राज्य सरकार की विधि व्यवस्था के विफलता को दशार्ता है। यह ओबीसी एकता और अधिकार मंच कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि अपराधियों को पड़कर और लूटी गयी सामान को बरामद नहीं किया जाता है, तो ओबीसी एकता और अधिकार मंच डीजीपी और मुख्यमंत्री से मिलकर राज्य में शासन व्यवस्था सवाल पर प्रश्न खड़ा करेगा। गृह मंत्री से मिलकर राज्य में शासन व्यवस्था के बारे में अवध करायेगा।

# लातेहार जिला प्रभारी बनाये जाने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व गढ़वा जिला अध्यक्ष मुकेश निरंजन सिन्हा को भाजपा के द्वारा पुनः लातेहार जिला प्रभारी बनाये जानें पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस दौरान चंद्रवंशी सेना युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी संयोजक विनोद चंद्रवंशी के नेतृत्व मे अंग वस्त्र व मां गढ़देवी का चित्र तथा पुष्प गुच्छ देकर उनके आवास पर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि पार्टी ने हमे जो पद दिया है। उस पद पर रहकर निष्ठा से अपने पार्टी के लिए कार्य करुंगा। इस मौके पर कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, श्रवण चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा संयोजक भाजपा नेता मनीष गुप्ता, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष भूषण सिंह, सोनू चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

# पीएम पोषण कुकिंग कंपटीशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश के आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक बीआरसी केंद्र रंका के आदेशानुसार प्रखंड स्तरीय पीएम पोषण कुकिंग कंपटीशन का आयोजन राजकीय बुनियादी विद्यालय रंका में किया गया। जिसमें प्रखंडाधीन विद्यालयों के रसोईयों के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण मध्याह्न भोजन तैयार कर इंस्टाल लगाकर प्रदर्शित किया गया। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय लरकोरिया को प्रथम, राजकीय बुनियादी विद्यालय रंका को द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मध्य विद्यालय भौंरी रंका का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली के रूप में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दूबे, सीआरपी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, बुनियादी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक कुमार ने सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बाल संसद के तीन प्रतिनिधि और रसोईया उपस्थित थे।

# मौकापरस्त हैं पूर्व सांसद घूरन राम : इंडिया गठबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व सांसद घूरन राम मौकापरस्त हैं। वह जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद भी करते हैं। यह न तो किसी पार्टी के हैं और ना हीं आम जनता के। इन्हें जहां भी मौका मिलता है सिर्फ अपनी रोटी सेकने के फिराक में लगे रहते हैं। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बुधवार को शहर के चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि घूरन राम को पहली बार सांसद बनने का मौका राष्ट्रीय जनता दल से ही मिला था। साथ ही वर्ष 2019 में भी महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के सिंबल पर उन्हें टिकट दिया गया था। घूरन राम लोकसभा चुनाव महागठबंधन से लड़ा, जबकि विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को पूरी तरह से मदद किया। यह जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं। भीतरघात करना इनके फि तरत में शामिल है। यह अपने स्वार्थ की राजनीति करते हैं। आज भी वह अपने निजी स्वार्थ के लिए पाला बदल रहे हैं। नेताओं ने कहा कि घूरन राम का बयान बिल्कुल हास्यास्पद है कि अनुसूचित जाति को महागठबंधन में कोई मान-सम्मान नहीं मिलता है और ना हीं कोई पद मिला है। जबकि इन्हें मालूम होना चाहिए कि राजद कोटा से मंत्री बनने वाले सत्यानंद भोक्ता अनुसूचित जाति समाज से ही थे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उन्होंने शपथ लिया था। वर्तमान में भी उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ मंत्री पद की शपथ लिया है। इस परिस्थिति में घूरन राम का आरोप बिल्कुल बेबुनियाद है। वे झूठ-सच बोलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। साथ ही अपनी निजी स्वार्थ के लिए पाला बदल रहे हैं। पूर्व सांसद घूरन यह बतायें कि उन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल में कितने दलितों के उत्थान के लिए कौन सा कार्य किया है। अपने कार्यकाल में तो वह अपने ही समाज के लोगों को भी अपने आसपास फटकने नहीं देते थे और न उन्हें अपने करीब सटने देते थे। घूरन राम ने आत्मघाती कदम उठाया है अब समाज ने भी उनसे उम्मीद रखना बंद कर दिया है। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो नेत्री शांति देवी, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशफी राम, मुखिया मुखराम भारती, राजद के प्रधान महासचिव सह खोरीडिह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धर्मराज राम, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के रामनाथ श्रमिक, कांग्रेस के अनुसूचित वर्ग के अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा आदि लोग उपस्थित थे।

## दो बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा चिनिया मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव के पास दो मोटरसाइकिल के टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गये। घायलों में डंडई थाना के झोतर गांव निवासी स्वर्गीय इंद्रदेव यादव का पुत्र शिवपूजन यादव उसकी पुत्री विमला कुमारी और मेराल थाना के पेंदली गांव निवासी मुंद्रिका राम की पुत्री ज्योत्सना कुमारी के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया कि शिवपूजन यादव अपनी पुत्री को रामसाहू उच्च विद्यालय से इंटर के परीक्षा दिलवाकर कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बुलेट सवार चामा गांव निवासी आदम अंसारी का पुत्र खुर्शीद अंसारी और शकमुद्दीन अंसारी का पुत्र एजाज अंसारी से टक्कर हो गयी। इस घटना में शिवपूजन यादव सहित दोनों छात्रायें घायल हो गयी। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से तीनों को गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पोषण को बेहतर बनाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य : डॉ कुलदेव

प्रखंड स्तरीय रसोईया सह सहायिका कुकिंग कंपटीशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमकंडा।** प्रखंड संसाधन केंद्र, रमकंडा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत प्रखंड स्तरीय रसोईया सह सहायिका कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक मंडली नें विजेता के रूप में नव प्राथमिक विद्यालय, रतोही के सुनीता कुंवर और उप विजेता उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, बैरिया के महिमा मिंज को चुना गया। डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नवाचार विधि को शामिल कर पोषण को बेहतर बनाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। ताकि बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। जब बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त होगा तो निश्चित रूप से स्वास्थ्य में सुधार दिखेगा। पढ़ाई लिखाई के साथ किसी भी कार्य को करने में सक्षम होंगे। यह स्कूली बच्चों के लिए काफी लाभकारी योजना है। साथ ही रसोइयां को भी प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा। डॉ चौधरी ने कहा कि प्रखंड के सभी विद्यालयों में सुचारू रूप से मध्याहन भोजन योजना चलाते हुए बच्चों को शत प्रतिशत पौष्टिक और स्वादिस्ट भोजन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। निर्णायक मंडली में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रम्भा चौबे, प्रबंध कार्यक्रम पदाधिकारी चिंतामणि तिर्की, बाल संसद की छात्राएं शामिल थे। मौके पर डॉ अतुल्य शंकर मिश्रा, रूपेश, अरुण सिंह, शशि, श्रवण सिंह, रिंकू सिंह, हर्ष ज्योति शुक्ला, बिनोद, मिथिलेश सिंह और रसोइयां आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धापूर्वक मां सरस्वती की आराधना हुई



खलारी(आजाद सिपाही)। खलारी, डकरा एव मैक्लुस्कीगंज एव आसपास में बुधवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा पुरे श्रद्धापूर्वक एव धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के शिक्षण संस्थानो, चौक चौराहे और।मुहल्लों में सरस्वती पूजा का उत्साह देखा गया। पूजा में लोगों ने पूरे विधि विधान के साथ मां शारदे की पूजा अर्चना की। केडी, डकरा, सुभाष नगर, करकट्टा, केडीएच, लपरा, हेसालोंग, नवाडीह, मायापुर, धमधमिया मे मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किया गया है। और पूरे भक्तिभाव से पूजा अर्चना की गई।वही हेसालोंग में मेला का आयोजन किया गया था। मेला में लगे दुकानों में ग्रामीणों की भीड़ रही। लोगों ने मिठाई, खिलौने एव श्रृंगार दुकानों में खरीदारी की।

## इटकी में मां सरस्वती पूजा की मची धूम, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच की मां की वंदना



इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी और आसपास क्षेत्र में विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा की धुम रही । विभिन्न पंडालों में प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना पंडित पुरोहितों के संरक्षण में की गई जिसमें सैकड़ों भक्तों नै मां सरस्वती के समक्ष वंदना किया। खाश कर युवक युवतियां और महिलाओं काफी उत्साह देखा गया। इटकी में श्री शक्ति संघ, महाबीर चौक, महतो टोली, झखरा टोली, कोयरी टोला, तेली टोला, दरहाटांड, सियार टोली, मोरो पोखर टोली, मकुन्दा, नारी, बोड़ेया, गड़गांव, चचगुरा, कुर्गी, सेमरा, कुल्ली, सौका, तिलकसुती, कुम्बाटोली, हरही, विधानी, बारीडीह, कुंदी, रानीखटंगा, खोरखा टोली सहित सरकारी गैर सरकारी स्कुलो और विभिन्न संस्थानों द्वारा पंडालों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोंच्चारन के बीच पूजा अर्चना की गई। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं संध्याकाल में मां सरस्वती की महाआरती के बाद खीर का भोग लगाने के पश्चात भक्तों के बीच इसका वितरण किया गया।

## खलारी प्रखंड में अबुवा आवास योजना की सूची में गड़बड़ी का आरोप

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड में अबुवा आवास योजना में सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। मुखिया संघ के अध्यक्ष पुतुल देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत में शिविर लगाकर अबुवा आवास योजना के लिए पंजीकृत किया गया था।साथ ही इसके लिए ग्राम सभा का आयोजन कर अहर्ता रखने वाले लाभुकों की प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार किया गया था और उसे प्रखंड कार्यालय में जमा किया गया था, लेकिन अभी जो उन्हें अबुवा आवास योजना के लिए चयनित लाभुकों की प्रथम सूची मिली है उसमें जो प्रथम सूची में चयन किए गए लाभुकों का नाम नही है जिससे सभी पंचायत के मुखिया और ग्रामीणों में काफी नाराजगी है।पुतुल देवी ने कहा कि जिस तरह से अबुवा आवास योजना में गड़बड़ी दिख रही है कि प्रथम सूची के लाभुकों का नाम लिस्ट में नही है। ऐसे में वे जनता को क्या जवाब देंगी। जबकि यह विभागीय त्रुटि है और पता चला है कि जिला स्तर पर बिचौलियों जाकर अबुवा आवास योजना में सेटिंग हुई है, तभी तो जिनका नाम लिस्ट में प्रथम सूची में नाम था उन लाभुकों का नाम इस लिस्ट में नही है।उन्होंने बताया कि खलारी बीडियो से इस संबंध में बात की तो उन्होंने जिला का हवाला देकर कहा कि यह जिला से चयनित होकर आया है इसको बाद में देखेंगे।इधर जो सूची आया है उसे प्रखंड कार्यालय में अभी नही लगाया गया है, तो इसकी जानकारी लाभुको को कैसे मिल पायेगा। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी से उनके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नही हो पाया।

## बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ अड़की प्रखंड और आस पास बसंत पंचमी का त्योहार सरस्वती पुजा धूम धाम से मनाया गया लगभग सभी विधालयों में मुर्ति स्थापित कर मां शारदे की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। हासटेल वगैरह में भी पुजा की गयी। पुजा स्थल पर भक्ति के गाजे बज रहे थे, चारो ओर भक्ति का माहौल था। पंडित द्वारा पुजा के बाद पुष्पांजली अर्पित की गयी। विधार्थीयों ने मनौती भी मांगी की परीक्षा में अच्छे अंक से पास हो जाये।

# कोयलांचल में धूमधाम के साथ मनायी गयी सरस्वती पूजा

## बचरा के कई आवासीय कॉलोनी में पूजा पंडाल में उमड़ी भक्तों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के सभी स्कूलों के अलावे आवासीय कॉलोनी में भव्य रूप से पूजा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार पूजा समितियों के द्वारा कई जगहो पर भव्य पूजा पंडाल तैयार कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई, जिसके बाद दर्शन के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई। बचरा में बसंत विहार कॉलोनी और अशोक विहार कॉलोनी में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा के दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी गई। वही पूजा पंडाल में कराए गए विद्युत सज्जा आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा के अवसर पर कई जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वही अशोक विहार कॉलोनी में खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें काफी संख्या में सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक प्रतिनिधि, राजनैतिक पार्टी के अलावा काफी संख्या में लोग शामिल होकर खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया। इधर सरस्वती पूजा को लेकर पिपरवार पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार स्वंय क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। कोयलांचल क्षेत्र के सभी पूजा पंडालो में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। कोयलांचल क्षेत्र के बचरा, राय, बमने, राय कोलियरी, बचरा बस्ती, बेंती, किचटो, बिलारी, चिरैयाटाड़, कारो, हफुआ, बहेरा, कल्याणपुर सहित सभी इलाकों में सरस्वती पूजा की धूम रही।

# सीएचसी कांके के चिकित्सा प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांके।** झारखंड चिकित्सा और जन स्वास्थ्य कर्मी संघ प्रखंड शाखा कांके के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके परिसर में 15 फरवरी को धरना प्रदर्शन आयोजित की गई है। संघ के प्रखंड सचिव अखिलेश प्रसाद ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2 दिन पूर्व यहां पर पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार के कर्मचारियों के प्रति तानाशाही रवैये, अभद्र व्यवहार, मानसिक शोषण और आर्थिक शोषण के विरोध में केंद्र के सभी सहिया कर्मियों द्वारा आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया था। जिसमें डॉ अजीत कुमार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद से अविलंब तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से की गई थी। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने प्रदर्शन स्थल पर आकर आश्वासन दिया था कि डॉ अजीत कुमार पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

चिकित्सा प्रभारी के पद से हटाया जायेगा। आश्वासन उपरांत धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया था और पूर्व की भांति सभी सहिया कर्मचारी कार्य पर लौटे थे। लेकिन डॉ अजीत कुमार पर कारवाई अभी तक नहीं हुई है। इसलिए आंदोलन किया जा रहा है।

# हड़ताल को लेकर डकरा और पुरनाडीह परियोजना मे संयुक्त मोर्चा ने की गेट मीटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** आगामी 16 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर एन के एरिया के डकरा एवं पुरनाडीह परियोजना में संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग किया गया। गेटमिटिंग की अध्यक्षता प्रेम कुमार एवं संचालन शैलेश कुमार ने किया। गेटमिटिंग को सम्बोधित करते हुए बक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के मजदूर किसान बिरोधि नीतिओं के चलते आज देश के मिडिल क्लाश एवं वर्किंग क्लाश का जीना मुहाल हो गया है। सरकारी उपक्रमों एवं पब्लिक सेक्टरों को कौडियो के मोल बेचा जा रहा है। महंगाई चरम सीमा पर है। कोलियरियों का निजीकरण किया जा रहा है। मेडिकल अनफिट एवं मृत्यु के पश्चात मिलने वाली नौकरियों को रोकने की तैयारी चल रही है। कर्मचारियों के महिला आश्रितो को लाईव रोस्टर पर नही रखा जा रहा है। कोलियरियों में नयी बहाली पर रोक लगाया जा चुका है। एम डी ओ मोड और रिविन्यू शेयरिंग के फमूर्ले पर नई खदाने निजी कंपनियो को देने की तैयारी चल रही है। चार मजदूर बिरोधि श्रम कोड शख्ती से लागू करने के लिए सरकार दबाव बना रही है। गैर मंजूरवा जमीन और जंगल झार जमीन पर नौकरी देना बंद कर दिया गया है। ठेका मजदूरों को हाई पावर कमिटी का मजदूरी भुगतान नही किया जा रहा है। पोस्ट रिटायर्ड मेंट मेडिकल बेनिफिट और पेंसन के फंड को मजबूत नही बनाया जा रहा है। इस तरह कोयला उद्योग के 13 मुद्दे एवं राष्ट्रीय स्तर के 15 मुद्दों को हाशिल करने के लिए यह हड़ताल किया जा रहा है। अपने उद्योगो की रक्षा और मिले हुए अधिकारों के सुरक्षा के लिए मजदूरों से हड़ताल करने के लिए अपील किया गया। गेट मीटिंग में गोल्टेन प्रसाद यादव, डी पी सिंह, कृष्णा चौहान, टूपा महतो एवं दोनो परियोजना के अध्यक्ष सचिवों ने अपने अपने बिचार रखे। इस अवसर पर दोनों परियोजनाओं के सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

## कोलमा में 30 वर्षीय महिला ने फांसी के फंदे पर लटकर दी जान

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के एदेलहातू पंचायत के छोट कोलमा में बुधवार को अमित कुमार महतो की 30 वर्षीय पत्नी करिश्मा देवी फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी प्राप्त जानकारी के अनुसार पति पत्नी के बीच कुछ दिनों से झगड़ा चल रहा था इसे लेकर करिश्मा देवी अपनी मायके छोट कोलमा चली आई थी जिसके बाद बुधवार को सुबह फांसी के फंदे पर झूम कर अपनी जान दे दी पुलिस को जानकारी मिलने पर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है ।

## पटना में रची गयी थी साजिश, चार गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में रांची पुलिस के द्वारा गठित एसआईटी की जांच जारी है। जांच में खुलासा हुआ है कि इस पेपर लीक मामले की साजिश पटना में रची गई थी. बीते दिनों रांची पुलिस ने झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया था। वहीं आज रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अन्य चार लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। इस मामले की जांच के दौरान एसआईटी को कई सबूत मिले हैं। जांच में पता चला है कि झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम ने एक अभ्यर्थी पवन कुमार को 25 जनवरी की रात पटना भेजा था। अवर सचिव ने उसे एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया था. कहा गया था कि पटना स्टेशन पहुंचकर वह उस मोबाइल नंबर पर बात करे।

## सरस्वती पूजा पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सोरो टोला सिमलटांड़ और जारगोडीह में सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सिमलटांड़ में लखीमणि महतो झूमर मंडली तथा जारगोडीह में नाचनी नाच तथा सिमंत महतो के द्वारा झूमर प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि आजसू नेता हरेलाल महतो पहुंचे। वहीं हरेलाल महतो ने कहा कि सांस्कृतिक ही हमारी पहचान है, इसे बनाया रखना हम सभी का कर्तव्य है, हर राज्य का अलग अलग कार्यक्रम से पहचान होती है, हमारे झारखंडीय के लिए झूमर,पांता नाच तथा छौ नाच ही पहचान है। मौके पर मुखिया नयन सिंह मुंडा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, गुरुचरण महतो, अंबिका प्रसाद महतो, भगत सिंह मुंडा सहित आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड अधिविद्य परिषद के सदस्य राधा रमन साहू ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

बुंडू(आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद्य परिषद के सदस्य डॉ राधा रमन साहू ने मैट्रिक एवं इण्टमीडिएट की परीक्षा में चाईबासा के दर्जनो परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा की बात कही। इस मौके पर परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राधीक्षक एवं दंडाधिकारी आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने केन्द्र के वीक्षकों और प्रबंधन को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए, परीक्षा के आयोजन की संपुष्टि करते हुए केन्द्रों के संचालन पर उन्होंने संतुष्टि जतायी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगर पंचायत क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्र में मना सरस्वती पूजा

बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया। स्कूल, कॉलेज समेत सभी शैक्षानिक संस्थान में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा की गयी। जिसमें शिक्षानिक संस्थान साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल बुंडू, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बुंडू पांच परगना उच्च विद्यालय ताऊ, युल्लर कोचिंग सेंटर ताऊ इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल बुंडू, बिरसा चिल्ड्रन स्कूल बुंडू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इसके अलावे सरकारी व गैर-सरकारी विधालयो मे भी मा शारदे की पूजा अर्चना की गयी ।

## बसंतपंचमी के अवसर पर टुसू मेला संपन्न

तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पुण्डिदिरी गांव में टुसू मेला और बूगी वूगी डांस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हीरालाल दास, सत्यनारायण साहू और जगदीश गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में तमाड़ पश्चिमी के जिप सदस्य विजय सिंह मानकी, बुंडू जिप सदस्या परमेश्वरी शांडील, आजसू केंद्रीय सचिव राम दुर्लव सिंह मुंडा, गुंजन इकिर मुंडा, श्याम महतो और तारा चांद मुंडा आदि उपस्थित थे। मेले में मुख्य रूप से लुंगटू, जॉबलाभुसूडीह, तमराना, कुजिआमा और झरगांव के आकर्षक चौड़ल नृत्य दल शामिल हुए। आकर्षक नृत्य कला को देखते हुए तमराना चौड़ल दल को प्रथम पुरस्कार 3001रुपया, दूतीय पुरस्कार लुंगतु को 2001 रुपया, तृतीय पुरस्कार जोबला भुसुडीह को 1001 रुपया तथा वाकी सभी चौडल मंडली को अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से अशोक दास, सुधीर दास, अनिल गुप्ता,अशोक गुप्ता, वीरेन गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, मनोरंजन गुप्ता, समीर गुप्ता, सूरज कुमार दास आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## रातू - बेड़ो अंचल एकल विद्यालय में मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस



बेड़ो (आजाद सिपाही)। रातू अंचल अंतर्गत एकल अभियान बेड़ों संच के एकल विद्यालय आचार्यों एवं ठाकुर गांव संच के एकल विद्यालय आचार्यों ने बुधवार को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया। स्कूली बच्चों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद लिया। एकल आचार्यों में हुटार में विमला टोपनो कुदारखो रूपरानी देवी मासू में होलिका देवी मुडामु में सुषमा देवी टेगरिया में लक्ष्मी देवी पुरियो में मुनी उरांव व मंजू देवी खत्री खटंगा में रीता देवी सहित सभी आचार्यों ने माता पिता का पुजन कराया। वहीं ठाकुर गांव संच में अमृता उरांव विक्की देवी एवं भुवनेश्वर महतो ने भी मातृ पितृ दिवस मनाया। इधर, बेड़ों संच के अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता व मुकेश कुमार राय ने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद से बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है। इसलिए सभी विद्यालयों में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन करना चाहिए।

# पिपरवार में हुई क्षेत्रीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

## कोयला खदान और मजदूरों की सुरक्षा पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा संगम विहार क्लब में क्षेत्रीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। इस बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के सभी विभागो के प्रमुख अधिकारी, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य सहित श्रमिक प्रतिनिधि शामिल हुए। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान युनियन प्रतिनिधियों के द्वारा एचपीसी वेजेज मे फार्म ए वीटीसी आई कार्ड एव फार्म डी में अटेन्डेन्स, 30 दिनो का वेजेज दिए जाने, लिव सिक रेस्ट का भुगतान किए जाने, बोलेरो चालक को भी एचपीसी वेजेज दिए जाने, पिपरवार वर्क शॉप और परियोजना कार्यालय का विशेष देख भाल, केंटीन सुविधा युक्त बनाए जाने, बेसिक सपोर्ट एंबुलेंस और लाइव सपोर्ट एंबुलेसं के अलावा तीसरे प्रकार की एंबुलेंस नहीं रखने, पिट माईंस आफिस को तीनो शिफ्ट में एंबुलेंस चालक की उपलब्धता, समय समय पर कोयला खदान का निरीक्षण कर कमी को दुर किए जाने, कोयला खदानो में एनआईटी अनुसार लाइटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने, होल रोड व्यवस्थित किए जाने, बर्म की उचाई दुरुस्त किए जाने, आईवाल को ठीक किए जाने साथ ही एचपीसी वेजेज के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किए जाने की बात यूनियन प्रतिनिधियों ने कही। छटनी किए गए कामगार को 15 दिनो का वेतन साथ ही वाशरी और सोलर प्लांट में एसओपी एसएमपी और सीओपी बनाए जाने की मांग सहित वाशरी में सुरक्षा के सभी मानक प्रबंध किए जाने की यूनियन प्रतिनिधियों ने बात कही। इससे पुर्व कमिटी के सदस्यो द्वारा अशोक परियोजना खुली खदान और सीएचपी परियोजना का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी डी कुमार, एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषण, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण महतो, जेएन दत्ता, जीएसपी शर्मा, संगीत कुमार, नागेश गोपालन, डीपी राय,डॉ एफआर साह, सहित यूनियन प्रतिनिधियों में जमसं केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह, एसके चौधरी, इस्लाम अंसारी, भीम प्रसाद मेहता, भीम सिंह यादव, मुंद्रिका प्रसाद, अनिल कुवंर, एसडी राम,विमल महतो सहित कई अधिकारी और युनियन प्रतिनिधि मौजुद थे।

# पिपरवार के अशोका में संयुक्त मोर्चा ने की गेट मीटिंग

## देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का किया गया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना के पीट कार्यालय और वर्कशॉप में संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मिटिंग किया गया।आगामी 16 फरवरी को आहूत राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल और औद्योगिक हड़ताल को सफल बनाने को लेकर गेट मीटिंग की गयी। गेट मीटिंग की अध्यक्षता एटक के धनेश्वर गंझु ने किया। गेट मीटिंग को सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अरविंद शर्मा, सीटु के इस्लाम अंसारी, इंटक के शंकर मुखर्जी, एचएमएस के मोहम्मद जैनुल, मोहम्मद रहमतुल्ला, विनोद कुमार, रामेश्वर भोगता ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संयुक्त किसान मोर्चा और संयुक्त ट्रेड यूनियन के द्वारा भारत सरकार को दिए मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा किया, जिसमें असंगठित मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26000 करने, असंगठित मजदूरों का पेंशन 10000 देने, निजीकरण पर रोक लगाने, अजय मिश्रा उर्फ टेनी को बर्खास्त करने, किसानों के अनाज पर टरढ की गारंटी करने,कोयला उद्योग में आश्रित को नौकरी देने, एमडीओ मोड में खदान देना बंद करने, कमर्शियल माईनिंग बंद करने, नयी बहाली करने पर चर्चा करने सहित अन्य मांगो को लेकर 16 फरवरी को आहूत हड़ताल को सफल करने का आह्वान किया। मौके पर सेवक गंझु,साहब राम सतनामी, अनित कुमार, रियाज अंसारी, संजय उरांव, अरुण गंझु, मुन्ना ठाकुर, शत्रुघ्न केसरी, विनोद मोची, पुनीता कुमारी, जीबी टाना भगत, राधा देवी, मुखनी देवी, ऋषिकेश मिश्रा, मनोज राम, दिलीप महतो, राजू भुइया, भरत नोनिया, उदय शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, प्रभु महतो, सोनिया देवी, लाली देवी, आशा देवी, राखी कुमारी, पुशनी देवी, गीता देवी, सीमा देवी, .सोहद्री देवी सहित कई कोयला मजदूर उपस्थित थे।

### सरकारी व गैरसरकारी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग सेंटरों सहित चौक-चाराहों पर प्रतिमा स्थापित कर की गयी मां सरस्वती की आराधना

# ज्ञान की देवी मां सरस्वती पूजा की धूम

आजाद सिपाही टीम

**बेड़ो/बुढ़मू/लापुंग/पिस्कानगड़ी/सिकिदिरी।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा पूर्वक की गई। शिक्षण और गैर शिक्षण संस्थानों व क्लबों में साज-सज्जा के साथ मां की प्रतिमा स्थापित कर विधि पूर्वक पूजा की गई। लोगों ने अपने-अपने घरों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की। मां सरस्वती को प्रसाद के रूप में गाजर, बेर, सेब, केला, अंगूर व बूंदिया का भोग लगाया गया। साथ ही आम का मंजर भी चढ़ाया गया। इसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बेड़ो के देवी मंडप चौक, बेड़ो बस्ती, एसएस प्लस टू विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय बालक व बालिका, डीएवी विवेकानंद पब्लिकव स्वर्ण डीपीएस स्कूल समेत विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा हुई। वहीं, तुको, खत्रिखटंगा, पाकलमेड़ी, ईंटा चिन्द्री, फदिल मर्चा, पुरियो, केशा, करांजी में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा पूजा की गई। जबकि प्रखंड क्षेत्र में पूजा को शांति से मनाने के लिए बेड़ो पुलिस लगातार गश्त करती दिखी। शुक्रवार को माता की प्रतिमा का स्थानीय जलाशयों में विसर्जित किया जाएगा।

## बुढमू में सरस्वती पूजा की रही धूम

बुढ़मू थाना क्षेत्र में विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा बुधवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। पूजा का मुख्य आकर्षण बुढ़मू व ठाकुरगांव है। यहां विभिन्न पूजा समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल बनाकर मां सरस्वती की पूजा की जाती है। साथ ही विद्युत सज्जा भी काफी मनमोहक की जाती है। यहां मुख्य रूप से श्री वीणा संघ, विष्णु चौक, शारदा संघ निराला चौक, न्यू स्टार क्लब, बैंकमोड़, ब्लू डायमंड क्लब बाजारटांड़, न्यू इलेवन क्लब मंडाटांड़, किशोर संघ मिलन चौक, विवेकानंद युवा क्लब, चापाटोली, युवा क्लब हिसरी समितियों द्वारा भव्य पूजा पंडाल बनाकर मां सरस्वती की पूजा की जा रही है।

## दूर से आते हैं श्रद्धालु

ठाकुरगांव में आयोजित सरस्वती पूजा को देखने काफी दूर दराज से भी श्रद्धालु आते हैं। यहां रामगढ़, लातेहार, चतरा, मांडर, चान्हो, खलारी समेत अन्य जगहों से श्रद्धालु पांडालों व विद्युत सज्जा को देखने आते हैं। यहां प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा। विधि व्यवस्था की कमान बुढ़मू क्षेत्र में थाना प्रभारी रामजी कुमार व ठाकुर गांव थाना क्षेत्र मे प्रभारी अमरेंद्र कुमार संभाले हुए हैं।






नगड़ी, बेड़ो, सिकिदिरी, लापुंग और नामकुम सहित विभिन्न जगहों पर सरस्वती पूजा की गई। जहां प्रतिमा और पंडालों के दर्शन करते लोग पहुंचते रहे।

## सिकिदिरी में जगह-जगह की गयी मां सरस्वती की पूजा

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में विद्या की देवी विद्यादायनी मां सरस्वती की पूजा जगह-जगह की गई। प्रत्येक केंद्र के बच्चे मां सरस्वती का पूजा आर्चना के लिए काफी उत्साहित देखे गए। सभी ने शिक्षा आध्यायन में श्रेष्ठ प्रदर्शन की कमना की। इस अवसर पर ओबर सामुदायिक भवन में बच्चों ने विशेष आयोजन किया था। मौके पर गोविंद बेदिया, रामजन बेदिया, राजेंद्र बेदिया, मुगू बेदिया, युगलकिशोर बेदिया, शयामसुंदर बेदिया, जितुवा बेदिया, हेमन्त बेदिया, दीपक बेदिया, सत्येन्द्र बेदिया, कैलास बेदिया, भथू बेदिया आदि का अहम योगदान रहा।

## नामकुम में धूमधाम से की गई मां सरस्वती की पूजा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम क्षेत्र में सरस्वती पूजा बुधवार को धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान कई जगहों पर विधिवत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साई नगर सनराइज क्लब जोरार पंडित सदन के पूजा पंडाल के अध्यक्ष कौशल यादव के नेतृत्व में श्रद्धा व भक्ति के साथ पूजा संपन्न हुआ। पूजा को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। इधर, एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे कार्यालय में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गयी। इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने कहा कि बीमारी रूपी अज्ञानता को दूर करने के लिये हम सभी डॉक्टरों को मां सरस्वती प्राकृतिक चिकित्सा प्रदान करें। ताकि हम और हमारा समाज महंगी दवाइयां और जांच से छुटकारा मिल सके। उन्होंने मां सरस्वती से पूरे समाज को अंधकार से निकालकर प्रकाश में लाने की प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ बलराम महतो, डॉ रुकमणी, डॉ सरस्वती, डॉ ललित, डॉ पूजा, डॉ नरेश के साथ अन्य लोग मौजूद थे। मां सरस्वती की पूजा हरातू मंदिर के पुजारी मधुसूदन पांडे ने कराई।

## लापुंग में धूमधाम से हुई मां सरस्वती की पूजा

लापुंग प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को धूमधाम से मां सरस्वती की पूजा की गई। पूजा समितियों और शैक्षणिक संस्थानो में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। खासकर स्कूली बच्चों में सरस्वती पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। जगह-जगह लोगों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की। इस मौके पर कई शैक्षणिक संस्थानों में अलग-अलग तरह से इस समारोह का आयोजन किया गया। विद्या ककरिया मध्य विद्यालय मध्य विद्यालय लालगंज, सरसा समेत प्रखंड के अनेक विद्यालय के स्कूलों के अलवे कस्बाई इलाको में धुमधाम से पुजा अर्चना किया गया।

## नगड़ी में धूमधाम से संपन्न हुई सरस्वती पूजा

नगड़ी सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को मां सरस्वती की भक्ति भाव के पूजा की गई। प्रखंड के नगड़ी, देवरी, नारो, साहेर, एड़चोरो, चिपरा, लालगुटवा, नयासराय टूडूल, बलालोंग, कुदलोंग आदि कई गांवों में आकर्षक पूजा पंडाल बनाकर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में भी मां की पूजा अर्चना की गई। शाम होते ही नगड़ी के पूजा पंडालों में आसपास के गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में मां के दर्शन करने पहुंचे। मौके पर नगड़ी साहेर रोड स्थित एस एस स्पोटिंग क्लब में अशोक वाटिका बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित की गई। वहीं ज्योति संगम क्लब,चक्र सुदर्शन क्लब, उपकार क्लब, श्री बजरंग क्लब, स्टूडेंट्स क्लब, सति मंदिर क्लब, सुभाष क्लब द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल बनाए गए हैं।

## बच्चे देश के भविष्य, उन्हें शिक्षित करना बेहद जरूरी: ललिता मेहता



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** निःशुल्क शिक्षा दे रहे युवा शिक्षक विकास मेहता की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ओरमांझी पंचायत समिति सदस्य ललिता मेहता, राजेश गुप्ता, उप मुखिया संतोष गुप्ता द्वारा परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा पायल कुमारी, तेजस्वी कुमारी व आनंद बेदिया को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि बच्चे देश के निर्माता होते है। इसलिए हमें प्रत्येक बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमूल्य महतो ने चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले रूपेश बेदिया व समाज सेवी निर्मल महतो ने पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र बदल बेदिया को सम्मानित किया। इस अवसर पर आरटीसी कॉलेज के प्रो रामकुमार महतो शशि मेहता व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि से फसलों को भारी क्षति




आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो/मांडर।** विगत दो दिनों से क्षेत्र में हो रहे बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने खेती को भारी नुकशान पहुंचाया है। इससे किसानों की चिंता व मुश्किलें बढ़ गई हैं। वह तापमान में भी गिरावट आई है। बुधवार को मांडर एवं चान्हो क्षेत्र के कई स्थानों पर जोरदार बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। जिससे किसने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। एक तो वैसे ही किसान पहले से धान की फसल पीटने के बाद सकते में थे कि आज आसमानी कहर ने किसानो की दुर्दशा ही खराब कर दी। आलू, गोभी, मटर एवं हरी सब्जियों को जहां नुकसान पहुंचा है। वहीं, ईट भट्ठेदारों को भी नुकसान का सामना करना पड़ा है। मांडर के मन्द्रों बोबरो लोइयों के साथ चान्हो के बियासी सिलागई में जैम कर वर्षा के साथ ओलावृष्टि हुई है। वहां के किसानों ने बताया कि आर्थिक तंगी से गुजरते हुए कृषि कार्य पर आश्रित रहने वाले हम किसानों के सामने जीवन की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। बड़ी संख्या में किसानों के खेतों मेल लगे फसल को नुकसान हुआ है हम लोग मांग करते हैं कि सरकार दयासील बनकर हम किसानों की सुध ले और फसल बर्बादी का मुआवजा दे, ताकि हमारी आर्थिक स्थिति में थोड़ी सुधार हो सके। दूसरी ओर इस दिन सरस्वती पूजी को लेकर लोग पूजा पंडालों में मां सरस्वती के दर्शन के पहुंच रहे है लेकिन बारिश की वजह से राजधानी के ग्रामीण इलाकों में जलजमाव जैसी स्थिति आ गई है जिससे सरस्वती पूजा को लेकर लोगों की उत्साह भी कम हो गई।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सीएचसी कांके के चिकित्सा प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन आज

**कांके (आजाद सिपाही)।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मी संघ प्रखंड शाखा कांके के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के प्रखंड सचिव अखिलेश प्रसाद ने बुधवार को बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दिन पूर्व यहां पर पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार द्वारा कर्मचारियों के प्रति तानाशाही रवैया, अभद्र व्यवहार, मानसिक शोषण एवं आर्थिक शोषण के विरोध में केंद्र के सभी सहिया कर्मियों की ओर से आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया था। जिसमें डॉ अजीत कुमार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद से अविलंब हटाने की मांग सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से की गई थी। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने प्रदर्शन स्थल पर आकर आश्वासन दिया था कि डॉ अजीत कुमार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा प्रभारी के पद से हटाया जाएगा। आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया था और पूर्व की भांति सभी सहिया कर्मचारी कार्य पर लौटे थे। लेकिन डॉ अजीत कुमार पर कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। इसलिए आंदोलन किया जा रहा है।

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल में सरस्वती पूजा का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में बुधवार को सरस्वती पूजा का धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद (विपिह) के प्रांत महामंत्री देवी प्रसाद, प्रांत संयोजक प्रिंस अजमानी, कौशल व ललित ने मां सरस्वती की पूजा और दर्शन किए। इस अवसर पर देवी प्रसाद ने बच्चों को शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। साथ ही सरस्वती माता की कृपा से ज्ञान का प्रबंधन करने का संदेश दिया। वहीं अखंड भारत की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, उपेन्द्र शर्मा, विकाश सिंह, अमित सिंह, कृष्ण कुमार रवि, नीरज विद्यालय में पहुंचे और मां सरस्वती की आरती कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य दीपम बनर्जी और उप प्रचार्या सोनम प्रसाद, शिक्षकों में स्वेता वर्मा, प्रेमिका लाकड़ा, सोनम कुमारी, प्रियंका, संध्या साहू, शिवानी कुमारी आदि थे।

## अवैध शराब बनाना-बिक्री करना बंद करें : थाना प्रभारी

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह नगड़ी थाना प्रभारी अरमान उल हक ने नगड़ी थाना क्षेत्र के बांध टोली सहित कई गांवों में बड़े पैमाने में बन रहे अवैध शराब की गुप्त सूचना पाकर छापामारी की। टीम ने अवैध शराब बने 40 गैलेन को नष्ट किया। साथ ही अन्य सामान को भी नष्ट कर दिया। बतातें चलें कि इससे पूर्व पुलिस उपाधीक्षक सह नगड़ी थाना प्रभारी अरमान उल हक ने नगड़ी थाना क्षेत्र के मनोकामना नगर के लाइन होटलों में छापामार कर शराब जब्त किए थे। उन्होंने नगड़ी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बना रहे लोगों से कहा कि वे अवैध शराब बनाना और बिक्री करना तुरंत बंद कर दे अन्यथा कड़ी कार्रवाई कि जाएगी। इन्होंने नगड़ी थाना क्षेत्र के सभी लाइन होटल संचालकों से भी कहा कि आप अपने होटलों में अवैध रूप से शराब बिक्री करना बंद कर दे। मौके पर अभियान में पुअनि प्रदीप कुमार केसरी, सअनि प्रमोद कुमार, हवलदार सुबोध कुमार, आरक्षी संजय मिंज आदि शामिल थे।

## चलो गांव की ओर अभियान को सफल बनाने में जुटे भाइजपाई



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 11, 12, 13, 8 में चलो गांव की ओर अभियान में प्रवास में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में दिवाल लेखन किया गया। जिसमें भाजपा के खिजरी के विस्तारक धनंजय पांडे, प्रकाश कुमार पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा युवा मोर्चा, कलेश्वर महतो, विकाश भोगता, भुनेश्वर महतो, महेंद्र महतो, कामेश्वर महतो, लोबिन महतो, दीनदयाल पाहन, बालचंद पाहन, भोला भंडारी, रमेश बेदिया, राजेन्द्र महतो, सरतु महतो, कृष्णा महतो, पंकज महतो आदि जुटे हैं।

## समाजसेवी ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जमुवारी गांव की एक गरीब बुजुर्ग महिला सुकरमनी देवी की मृत्यु विगत दिनों हो गई थी। इसकी सूचना पाकर बुधवार को समाजसेवी अर्जुन राम मृतका के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने मृतका के दशकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री एवं नकद आर्थिक सहयोग किया। अर्जुन राम ने कहा कि गरीबों की सेवा के लिए वे हमेशा तत्पर रहते हैं। आगे भी गरीब-असहाय लोगों की मदद करते रहेंगे। मौके पर सूरज राम, कृष्ण मुंडा, भोला मुंडा, अजय मुंडा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### सुदूर पहाड़ी इलाकों के बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगा रहा है उषा मार्टिन

# शिक्षा के जरिये गांवों को विकास से जोड़ना संभव : प्रिया बागची

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** उषा मार्टिन सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने कहा कि विकास के मार्ग को आसान बानने में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। शिक्षा से बच्चों के साथ उनके परिवार में भी आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन की भावना आती है। एकल विद्यालय के माध्यम से ऐसे ही सुदूर वनप्रदेश के गांवों में शिक्षा, स्वाभिमान एवं राष्ट्रनिर्माण का कार्य किया जा रहा है। वे बुधवार को विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शासनबेड़ा एकल विद्यालय में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कंपनी की ओर से विद्यालय को पुस्तकें, सोलर लाइट बच्चों को खेल सामग्री सहित अन्य शिक्षण सामग्री उपलब्ध करायी गयी है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन द्वारा अनगड़ा एवं नामकोम के सुदूरवर्ती पहाड़ी इलाकों के दस गांवों के एकल विद्यालय में पिछले तीन साल से शिक्षा का अलख जगाया जा रहा है। यह विद्यालय प्रखण्ड के सासनबेड़ा, मसरीजारा, पैका, जरगा, मेढ़ा, बानपुर, असरी, जिरकी, जाराटोली, सालहन आदि गांवों में चल रहा है। इन विद्यालयों के माध्यम से उषा मार्टिन ने अभी तक 300 से भी अधिक बच्चों को अक्षर ज्ञान के साथ गांव में संस्कार, स्वास्थ्य जागरूकता, कृषि एवं परंपरा का ज्ञान दिया जा रहा है। ग्राम स्वराज योजना प्रमुख सुकरा महतो ने बताया कि एकल विद्यालय वनवासी और पिछड़े क्षेत्र की संपूर्ण विकास की योजना है। जहां आज भी सुदूरवर्ती इलाकों में शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। वैसे क्षेत्रों में एकल विद्यालय संचालित कर बच्चों को तीन घंटे की अनौपचारिक शिक्षा गांव के ही युवक और युवतियों द्वारा दी जाती है। अंचल अभियान प्रमुख हीरालाल महतो ने कहा कि उषा मार्टिन के सहयोग से सुदूरवर्ती गांवों में शिक्षा को घर-घर पहुंचाना संभव हो सका है। एकल विद्यालय के तहत हरेक गांव में एक विद्यालय एवं एक शिक्षक के तहत शिक्षा ज्ञान चलाया जाता है। जिसके काफी सफल परिणाम सामने आए है। इस अवसर पर सासनबेड़ा की आचार्या आशापति देवी, संच प्रमुख सरिता देवी के अलावा उषा मार्टिन के सुपरवाइजर भुवनेश्वर महतो आदि थे।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व अन्य गणमान्य लोग।

## राज आर्युवैदिन चिकित्सा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नवाटोली बाजार टांड में राज आर्यवैदिन चिकित्सा केंद्र का बुधवार को शुभारंभ हुआ। संस्था के डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से आयुर्वेद अपना कर हम अपना जीवन निरोग बना सकते हैं। महिलाओं की बीमारी के बारे में विस्तार से बताया। संचालक मनराज कुमार ने बताया कि यहां पर लोगों को कम कीमत में हर्बल प्रोडक्ट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक सप्ताह यहां पर डॉक्टर की सुविधा होगी। यहां पर बेहतरीन जांच का सुविधा दिया जाएगा। मौके पर मोहित कुमार सिंह, संजय कुमार, आफिंद्र सिंह, सालिक सिंह बड़ाइक, रंजीता देवी, महावीर महतो, फूलों देवी, गोविंद मुंडा, आशा देवी, लक्ष्मी कुमारी, अंजली कुमारी, विजय महतो, दिनेश महतो , बिनोद सिंह,दुलारी देवी आदि मौजूद थीं।

# बेड़ो में लगातार चोरी से ग्रामीणों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय के दुकानों में चोरी के बाद चोरों का आतंक अब गांवों में भी बढ़ने लगा है। बेड़ो में चोरों का गिरोह सक्रिय हो गए है। लगातर हो रही चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव में मंगलवार की रात में चोरों ने संदीप लोहरा के बंद घर का ताला तोड़ कर नगद सहित लाखों रुपये के सोना-चांदी के आभूषण चोरी कर ली। इस बाबत संदीप ने बताया कि वह मंगलवार की रात घर में ताला लगाकर महावीर चौक जामटोली में सरस्वती पूजा के पंडाल में गांव के युवकों के साथ सजावट कर रहे थे। देर रात करीब 2.20 बजे जब घर पहुंचा तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो कमरा का सामान बिखरे पड़े थे और बॉक्स का लॉक भी टूटा हुआ था। सामानों की जांच की तो पता लगा कि चोर नगद 25 हजार रुपये, सोने व चांदी की आभूषण, एटीएम कार्ड, ऑनर बुक, शैक्षिणिक प्रमाण पत्र व जमीन के कागजात आदि चोरी कर ले गए। संभवतः चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। इधर, सूचना पाकर बेड़ो थाना के एएसआई लाल मोहन पांडेय सशत्र बल के साथ घटना स्थल का मुआयना किया। गौरतलब हो कि इसके पूर्व बारीडीह बेड़ो में सोमवार को दिन में ही अज्ञात चोरों ने महादेव गोप के घर से जेवर व नगदी लेकर फरार हो गये थे।



संदीप लोहरा अपने घर में बिखरे समान को दिखाते हुए।

## संत मरियम छात्रावास परिसर में मनाया गया बसंत पंचमी त्योहार, बच्चों में दिखा उत्साह



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नवाटोली स्थित संत मरियम छात्रावास परिसर मे बुधवार को बच्चों ने बड़े ही धूमधाम से बसंत पंचमी का त्योहार मनाया। विद्यालय में अध्यनरत बच्चों ने विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कीऔर मां सरस्वती से सुबुद्धि और समृद्धि की कामना की। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी बच्चों को बसंत पंचमी के शुभकामनाएं दी। वहीं, वसंत पंचमी का धार्मिक महत्व होने के साथ ही सामाजिक महत्व के भी बारे में भी बताया। कहा कि वसंत पंचमी जीवन में नई चीजें शुरू करने का एक शुभ दिन है। जिस तरह से इस मौसम में पेड़ों पर नव कोपलें आनी शुरू हो जाती हैं ठीक उसी तरह हम सभी के जीवन में भी एक नई ऊर्जा नए विचार का अनुभव होने लगता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माता सरस्वती प्रकट हुई थीं इसलिए इस दिन वसंत पंचमी के दिन सरस्वती माता की विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श,छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव सहित सैकड़ो बच्चों के साथ-साथ समस्त कर्मचारी भी मौजूद थे।

## तपला लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जपला लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल के प्रांगण में सरस्वती पूजा के अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक व देशभक्ति गीतों से अपने मनमोहक अंदाज से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधक शशीकेश कश्यप ने कहा कि विद्यालय परिवार मिलकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे चित्रकला, भाषण, लेखन और डांस प्रतियोगिता भी आयोजित करता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अभी नामांकन निःशुल्क हो रहा हैं। नियम, शर्ते लागू हैं। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि मौजूद थे।

## हरखुआ में आयोजित श्री शिव शक्ति नारायण महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के हरखुआ गांव में आयोजित श्री शिव शक्ति नारायण महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञ स्थल में परिक्रमा एवं पूजन दर्शन के लिए उमड़ रही है। बुधवार की दोपहर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। साथ ही यज्ञ स्थल की फेरी भी लगाई। इस दौरान प्रवचन कर्ता एवं यज्ञ समिति के आयोजकों ने हरखुआ मंदिर में बहुमूल्य शिवलिंग एवं नंदी की प्रतिमा समर्पित करने वाले नौडीहा बहेरा निवासी स्वर्गीय बल्केश्वर ठाकुर की पत्नी बालमती कुंवर एवं उनके पुत्र सूरज ठाकुर को पुष्प गुच्छ एवं माला देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि सूरज ठाकुर झारखंड पुलिस के जवान है। फिलहाल वे रांची मुख्यमंत्री कार्यालय में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने धार्मिक कार्य हो या सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। बीते वर्ष नौडीहा बहेरा मंदिर में मूर्ति दान में दिए थे। सूरज ठाकुर ने बताया कि भक्ति से ही मनुष्य को शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है की हरखुआ गांव में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न हुआ,अब इस गांव में लोग भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचेंगे जिससे गांव की अलग पहचान बनेगी। मौके पर यज्ञ समिति के लोगों समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**सनसनी :** दो बेटियों को रात में ही पहुंचा दिया था चचेरी बहन के घर

# पत्नी की हत्या कर पति फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक के घर के पास पूछताछ करते थाना प्रभारी चंदन कुमार।

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के ढाब कला ग्राम निवासी श्याम किशुन चौधरी ने मंगलवार की रात अपनी पत्नी पुनम देवी (28) की गला दबाकर हत्या कर दी है। इसके बाद शव को घर में ही बंद कर फरार हो गया है। यही नहीं, पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी अपनी दो बेटियों को रात में ही हुसैनाबाद के चनकार स्थित चचेरी बहन के पास पहुंचा गया था। उधर, घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार, एसआई निर्भय कुमार, निरंजन कुमार, नितिश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। लोगों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। परिजनों के अनुसार घटना की जानकारी तब हुई जब आरोपी की चचेरी बहन ने बुधवार की सुबह करीब 10 बजे आरोपी के बड़े भाई बालकिशुन चौधरी के घर फोन कर श्यामकिशुन द्वारा रात में बच्चों को पहुंचाकर भाग जाने की बात बताई। किसी अनहोनी की आशंका से उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस आरोपी के के घर पहुंची और कमरा का ताला तोड़ कर अंदर प्रवेश किया तो शव बरामद हुआ। मृतका का पुत्र हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता है। मृतका की बड़ी गोतनी आरती देवी ने बताया कि श्यामकिशुन चौधरी को शराब पीने की लत है। इसी को लेकर पती-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता था। चार दिन पहले पुनम दाउदनगर स्थित अपने मायके गई थी। दो दिन पहले श्यामकिशुन अपनी पत्नी को मायके से लाया था। वहीं, मृतका की भाभी ने भी बताया कि उसकी ननद से अक्सर मारपीट किया करता था। ननद का पति श्याम किशुन दो दिन पहले बहला फुसलाकर ले गया और उसकी हत्या कर दी।

# रांची में 23 फरवरी से भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच, जेएससीए ने तय की टिकट दर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट मैच खेला जाना है। इसे लेकर झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने टिकट दर भी तय कर दिया है। यह मैच 23 फरवरी से 27 फरवरी के बीच आयोजित होगा। टेस्ट मैच को लेकर 20 फरवरी से काउंटर पर टिकट उपलब्ध हो जायेंगे। टिकट ए विंग लोअर, ए विंग लोअर टियर के लिए 400 रुपये प्रतिदिन और बी विंग के लिए 500 रुपये, लोअर टियर सी विंग के लिए 400 रुपये, लोअर टियर डी विंग के लिए 400 रुपये प्रतिदिन के दर से मिलेंगे। इसी तरह अमिताभ चौधरी पवेलियन का टिकट प्रतिदिन के लिए 700, प्रेसिडेंट एंक्लोजर का टिकट प्रतिदिन के लिए 2000, हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक के लिए 1500 रुपये का टिकट प्रतिदिन और कॉरपोरेट लॉन्च का टिकट प्रति दिन प्रति व्यक्ति 1200 रुपये के दर से उपलब्ध होगा। हालांकि इसमें खास बात यह है कि इसमें खाने पीने का पैसा शामिल नहीं है। उल्लेखनीय है कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट कल, गुरुवार से गुजरात के राजकोट में शुरू हो रहा है। फिलहाल सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

# बारिश-ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

## पेड़ गिरने से कुकही पंचायत के कई कच्चा मकान क्षतिग्रस्त

स्थानीय प्रतिनिधियों ने पलामू डीसी से की किसानों के लिए मुआवजे की मांग

आजाद सिपाही टीम





**हुसैनाबाद/हरिहरगंज/पलामू।** क्षेत्र में मंगलवार की रात मौसम ने अचानक करवट ली और जमकर बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आंधी में कई पेड़ों व टहनियां टूटने से बिजली व्यवस्था पर भी असर पड़ा है। किसान अशोक कुमार मेहता, अखलेश कुमार, मसरूर अहमद आदि ने बताया कि रात हुई बारिश, आंधी व ओलावृष्टि से रबी की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। इसके अलावा कई कच्चे मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि बैराव व कुर्मिपुर में फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जमुआ पंचायत के मुखिया ओम प्रकाश राजवंशी ने बताया कि पंचायत के खिलपर समेत कई अन्य गांव में फसल क्षतिग्रस्त व आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। कुकही के पंसस राजीव शर्मा ने बताया कि सबसे अधिक नुकसान कुकही व आसपास के इलाके में हुई है। बताया कि चना, सरसों, मटर, मसूर समेत अन्य फसलें पूरी तरह खत्म हो गई। मिट्टी के मकान पर पेड़ गिर जाने से भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रतिनिधियों ने बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को राहत देने की मांग पलामू डीसी से की है। दूसरी ओर, दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश से पलामू जिले के हरिहरगंज अंचल क्षेत्र के सरसोत लुकुवा में 14 एकड़ भूमि में लगी फसल बर्बाद हो गई। इसके किसानों का करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लुकुवा मौजे के भूमि में स्ट्रॉबेरी के अलावे कई अन्य प्रकार के साग सब्जी लगे हुए थे। रात में मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि से फसल का करीब 40 फिसदी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान उपेंद्र मेहता ने बताया कि करीब 20 लाख रुपये कर्ज लेकर खेती की थी। 14 एकड़ जमीन में से 5 एकड़ में स्ट्रॉबेरी, चार एकड़ में लौकी, नेनुआं, करेली, लहसुन, मिर्च, 2 एकड़ में खीरा, एक एकड़ में टमाटर और 2 एकड़ जमीन पर अन्य फसल लगी है। जिसमें करीब 300 मजदूर रोजगार से जुटे हुए हैं। पर बीते दिन मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने स्ट्रॉबेरी के पौधे के साथ अन्य फसल तहस नहस हो गए हैं। जिससे करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ। किसान उपेन्द्र मेहता ने आपदा विभाग से मुआवजे की गुहार लगाई है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हुसैनाबाद के नये थाना प्रभारी अनिल सिंह ने दिया योगदान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस-पब्लिक समन्वय के साथ अपराध पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों व आमलोगों का सहयोग अपेक्षित है। आमलोगों की संपत्ति, सम्मान व हितों की रक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। लोग पुलिस को अपना मित्र समझकर परेशानी बताएं। पुलिस हमेशा उनके सहयोग के लिए तैयार रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जनता में पुलिस का मैत्री भाव पैदा कर क्षेत्र बेहतर और भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। उन्होंने लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था व अपराध पर अंकुश लगाने में सहयोग करने की अपील की।

### सतबरवा में बसंत पंचमी की रही धूम



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** बसंत पंचमी सतबरवा समेत प्रखंड के बोहिता, धावाडीह, रबदा, पोंची, बारी, बकोरिया, रेवारातु, दुलसुलमा, लोहड़ी, एकता और घुटुवा आदि दर्जनों गांवों में धूमधाम से मनाया गया। स्कूलों, कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती की भक्ति भाव से पूजा की। वहीं चौक-चौराहों पर भी मां सरस्वती की पूजा की गई। सभी जगहों पर भक्ती गानों से माहौल भक्तिमय हो गया। सरस्वती शिशु मंदिर सतबरवा में पंडित उमेश मिश्र ने छात्र छात्राओं को पूरे विधि विधान से मां सरस्वती की पूजा अर्चना कराया। उधर. लक्ष्मण घाट पर सरस्वती पूजा मना रहे छोटे-छोटे बच्चों ने पंडाल पर चित्र उकेर कर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया।

### हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन हुआ जब्त आरोपित चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद पुलिस ने हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन को जब्त करते हुए चालक पर मामला दर्ज कर बुधवार को उसे जेल भेज दिया। साथ ही शव को अंत्यपरीक्षण करवा कर परिजनों को सौंप दिया। बताते चलें कि धनबाद-कतरास मुख्य मार्ग के कनकनी-7 नंबर में मंगलवार की रात एक ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल परपहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले कर चालक को गिरफ्तार कर लिया था। घटना की जानकारी होते ही सैकड़ों स्थानीय ग्रामीणों ने थाना का घेराव कर मुख्य सड़क को जाम कर दिया और आगजनी करने लगे। पुलिस के रोके जाने के बावजूद वे थाना के अंदर प्रवेश कर पुलिस से उलझ पड़े। हालात बिगड़ता देख ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, केंदुआडीह, पुटकी, तेतुलमारी थाना सहित अन्य थाना के पुलिस बल मौके पर पहुंच कर उपद्रवियों को शांत करवाने लगे। इस बीच भीड़ द्वारा पुलिस पर पत्थरबाजी की गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी चोटिल हुए। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने भी लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। मृतक की पहचान लोयाबाद 7 नम्बर के रवि भुइयां के रूप में हुई है। वह बाहर राज्य में काम करता था। मंगलवार को अपने घर आया था।

### 50-60 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों को भी मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का मिलेगा लाभ

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य की महिलाओं अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग के 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिए जाने का निर्णय झारखंड सरकार द्वारा लिया गया है इसके तहत डीसी वरुण रंजन ने सभी बीडीओ को 20 से 22 फरवरी तक (12 बजे मध्याह्न से चार बजे तक) राज्य योजना अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना में पंचायतवार शिविर आयोजन करने हेतु निर्देशित किया है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के महिलाओं, अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत योजना से आच्छादित किया जाना है। इस संबंध में पंचायत वार शिविर आयोजन कर लाभुकों को लाभ पहुंचाया जाना है। इस कार्य के लिए विस्तृत दिशा निर्देश डीसी द्वारा सभी पदाधिकारियों को दिए गए हैं।

## स्पोर्ट्स



स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी वीपी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद शानदार वापसी की है। बुधवार को भारत ने बैटमिंटन एशिया टीम चैपियनशिप की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हरा दिया। सिंधू ने जीत के साथ शुरूआत किया।

**बैडमिंटन :** चोट के कारण चार महीने आराम के बाद की शानदार वापसी

# एशिया टीम चैंपियनशिप में पीवी सिंधू की जीत से वापसी, चीन को 3-2 से हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद शानदार वापसी की है। बुधवार को भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया। सिंधू ने जीत के साथ शुरूआत की। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जीत सुनिश्चित थी, लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 28 साल की सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है।

### तनीषा क्रास्टो व अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी हारी

तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जबकि अस्मिता चालिहा भी दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई ।जससे तीन मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21 21-18 21-17 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई।

### अनमोल खरब ने वू लियो यू को हराया

निर्णायक मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने दुनिया की 149वें नंबर की वू लियो यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20 14-21 21-18 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारतीय पुरुष टीम बुधवार को ग्रुप ए लीग मैच में हांगकांग से भिड़ेगी।

### रचना कुमारी पर लगा 12 साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने भारत की तार गोला फेंक एथलीट रचना कुमारी पर कई बार डोपिंग परीक्षण में नाकाम रहने के कारण मंगलवार को 12 साल का प्रतिबंध लगा दिया। तीस वर्षीय रचना के प्रतियोगिता से इतर लिए गए डोप नमूने में स्टेरॉयड स्टैनोजोलोल, डीहाइड्रोक्लोरोमिथाइल टेस्टोस्टेरोन (डीएचसीएमटी), मेटांडिएनोन और क्लेनब्यूटेरोल पाया गया। एआईयू ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि रचना कुमारी पर 24 नवंबर 2023 से 12 साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इसके 24 सितंबर 2023 के बाद के सभी परिणाम को अमान्य माना जाएगा।

### राष्ट्रीय अंतर जिला सब जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए धनबाद की टीम हुई रवाना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला सब जूनियर एथलेटिक्स टीम राष्ट्रीय अंतर जिला सब जूनियर एथलेटिक्स मीट में भाग लेने के लिए मंगलवार की रात में ट्रेन से गुजरात के अहमदाबाद के लिए रवाना हो गई है। भाग लेने वाले खिलाड़ियों में बालक 14 वर्ष वर्ग से मोहम्मद इरशाद, बालक 16 वर्ष वर्ग आदित्य कुमार तिवारी, उत्तम कुमार रजवार, सोनू कुमार, अच्युत पर्पण और करण कुमार साव हैं। 14 वर्ष बालिका वर्ग नीलाकाई गोराई, स्मृति सिंह और चांदनी कुमारी हैं। 16 वर्ष बालिका वर्ग में जया कुमारी, शारदा हसदा और निपुर कुमारी है। खिलाड़ियों की बेहतरीन प्रदर्शन के लिए संघ के अध्यक्ष किरण रानी नायक, कोषाध्यक्ष मोहम्मद जुबेर, तारकनाथ दास,सुनील मिश्रा, श्याम नारायण गुप्ता, मोहम्मद फरीद, प्रदीप कुमार, अरविंद तिवारी, लखन पाल, सुजयपा ठाकुर, गौतम महतो आदि ने शुभकामनाएं दी। धनबाद टीम का नेतृत्व जयराम भगत करेंगे। यह जानकारी संघ के सचिव बंधन टोप्पो ने दी।

## जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर मनायी गयी पूजा, बच्चों-युवाओं में दिखा उत्साह

# बेरमो कोयलांचल में सरस्वती पूजा की धूम





सरस्वरी पूजा के अवसर पर जगह-जगह प्रतिमा स्थापित पर मां विणावादिनी की पूजा करते युवा।

आजाद सिपाही टीम

**करगली/पिछरी/बेरमो।** बेरमो कोयलांचल में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है। सुबह से ही बच्चे और विद्यार्थी मां सरस्वती के सामने नतमस्तक दिखे। विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज, क्लबों आदि में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। वहीं, बच्चों के अभिभावक भी पूजा में बच्चों के साथ दिखाई पड़े। झब्बू सिंह महिला कॉलेज, अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन, रामरतन हाई स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय ढोरी, भरत सिंह पब्लिक स्कूल सहित तमाम स्कूलों और कॉलेजों तथा कोचिंग सेंटर में मां शारदा की प्रतिमा रख पूरे विधि विधान के साथ पूजन की गई। इसके अलावा विद्या की देवी मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा अलग-अलग इलाकों में स्थापित की गई है। मां सरस्वती के लिए भव्य छोटे-छोटे पंडालों का भी निर्माण किया गया है। बच्चों के साथ-साथ बड़े भी पूजा में पूरे भक्ति और उत्साह के साथ पूजा करते दिखाई दिए। चारों ओर मां देवी सरस्वती की भक्तिमय गीत गुंजायमान है। इस दौरान लोगों ने प्रशासन के दिशा-निर्देश का पालन करते डीजे सांउड़ व अश्लील गानों से अपने आप को दूर रखा। दूसरी ओर, पेटरवार प्रखंड के पिछरी पंचायत अंतर्गत सभी कॉलेजों, स्कूलों, चौक-चौराहों एवं क्लबों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा हर्षोल्लास के साथ की गई। पिछरी पंचायत के खेड़ो, करणडीह, छप्परडीह, जामटांड, टुंगरीकुल्ही, बुटनाडीह आदि जगहो पर मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में पूजा करने के अलावे यहां कई पंडाल गली, चौक-चौराहों पर बनाकर मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। उसे लेकर बच्चों एवं युवाओं में खासा उत्साह रहा। सभी विद्यालयों में मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि विधान से पूजा की गई। वहीं विभिन्न क्लबों, कोचिंग संस्थान और चौक-चौराहों में आयोजित प्रतिमा स्थल पर आकर्षक लाईट और साउंड सिस्टम के साथ धूमधाम से मनाया गया।

## बीएसएल टाउनशिप के सेक्टर 5बी में नव स्थापित सबस्टेशन का उद्घाटन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राजन प्रसाद अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन ) और कुंदन कुमार सीजीएम (टीए) द्वारा सेक्टर 5बी में एक नव स्थापित सबस्टेशन का उद्घाटन किया गया। इस असर पर कुंदन कुमार मुख्य महा प्रबंधक (नगर प्रशासन), महा प्रबंधक प्रभारी (नगर प्रशासन-इलेक्ट्रिकल) राजुल हरकरनी के साथ टाउनशिप इलेक्ट्रिकल के वरीय अधिकारी और कर्मचारी आदि उपस्थित थे। बीएसएल टाउनशिप के सेक्टर 5बी में खासकर गर्मी और मानसून के मौसम में कम वोल्टेज और वोल्टेज के उतार-चढ़ाव की समस्या रहती है। इस समस्या को सुधारने के लिए टीई इलेक्ट्रिकल ने सेक्टर 5बी को समर्पित एक नया सबस्टेशन स्थापित करने के लिए अपने आतंरिक संसाधनों का उपयोग कर सक्रिय कदम उठाए। सेक्टर 5बी में एक समर्पित सबस्टेशन स्थापित करने और बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने की टीई इलेक्ट्रिकल की पहल इसके निवासियों की जरूरतों को पूरा करने और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। संसाधनों के कुशल उपयोग के माध्यम से, टीई इलेक्ट्रिकल ने बीएसएल टाउनशिप के भीतर बिजली की गुणवत्ता बढ़ाने और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वक्ताओं ने कहा कि नए सबस्टेशन के सुचारु रूप से कार्य करने के उपरांत वहां के निवासी बेहतर वोल्टेज आपूर्ति और स्थिरता के साथ, विश्वसनीय और सुसंगत बिजली आपूर्ति की उम्मीद कर सकते हैं।

## पैतृक आवास में मनाया गया शहीद महेश गोराई का 26वां शहादत दिवस




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शहीद महेश गोरांई स्मारक समिति के तत्वाधान में शहीद महेश गोरांई का 26वां शहादत दिवस उनके पैतृक आवास रीतुडीह पुनर्वास क्षेत्र में मनाया गया। सचिव राज कुमार गोरांई ने कहा कि आज ही के दिन 1998 कोअराजक तत्वों द्वारा कॉ एके राय के चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या कर दी थी। वे हमेशा गरीबों, मजदूरों, किसानों की लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में रहते थे। उन दिनों नौकरी, मुआवजा व पुनर्वास के लिए बोकारो कारखाने से विस्थापित हुए रैयतों, किसानों का आंदोलन चरम पर था। सामने लोकसभा चुनाव था। वे कॉ एके राय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे थे। कहा कि एक समझौता विहीन संघर्ष के माध्यम से ही उनके सपनों को पूरा किया जा सकता है। इस मौके पर शांति भारत, भीम रजक, अरविंद कुमार, विजय घटवार, राम दयाल सिंह गोकुल, भगवान साहू, महावीर मरांडी, दिनेश बेसरा, विद्याधर गोस्वामी, काशी नाथ गोराई, हाबू लाल, अब्दुल रऊफ, अमित कुमार सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

## डिवाइडर से टकरायी तेज रफ्तार बाइक, दो गंभीर



**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा थाना अंतर्गत धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग के नये ओवर ब्रिज पर बुधवार की शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो नाबालिक गंभीर रूप से घायल हो गये। उनकी पहचान तेतुलमारी थाना क्षेत्र के नगड़ीकला गांव निवासी महेन्द्र कुमार के 17 वर्षीय पुत्र मनीश कुमार एवं वासुदेव महतो के 17 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता हैं कि दोनों युवक बाइक पर सवार होकर बोकारो से अपने घर तेतुलमारी स्थित अपने नगड़ीकला गांव जा रहे थे। तभी भुरूंगिया ओवरब्रिज के पास बाइक की रफ्तार तेज होने की वजह से बाइक असंतुलित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में दोनों युवको के सिर पर गंभीर चोटे आई हैं। घायल हुए दोनों किशोरों को स्थानीय लोगों की मदद से महुदा पुलिस ने इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएसएनएमएस अस्पताल भेज दिया। महुदा पुलिस ने दोनों के परिजनों को मामले की सुचना दें दी हैं। और क्षतिग्रस्त बाइक को थाने ले आई। खबर लिखें जाने तक युवको की स्थिति गंभीर बताई गई हैं।

# चूल्हा जलाकर घर में सोये दंपती का दम घुंटा, पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिछरी/बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछरी में बीते रात घर में सोए दंपती का दम घुट गया। जिससे पति की मौत हो गया और पत्नी को बेहतर इलाज बोकारो के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह उसके पुत्र श्रीकांत मिश्रा ने पड़ोसी एवं स्थानीय लोगों को दिया जब मां को जगाने उसके कमरे में गया था। बताया जाता है कि पिछरी निवासी 52 वर्षीय विश्वनाथ मिश्रा व उसकी पत्नी कविता देवी बीते रात को नए घर के कमरे में सोया हुए थे। जहां कमरे में चूल्हा जला कर रखा थे। जिसके गैस से दम घुटा और दोनो की हालत बिगड़ी। घर के दूसरे कमरे में सो रहे छोटा पुत्र श्रीकांत मिश्रा अपने मां और पिता को जगाने पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। बाहर से आवाज लगाया कोई जबाब नहीं मिला तो दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया तो देखा कि दोनो जमीन पर पड़े हुए है। आनन फानन में दोनो पति पत्नी को सीसीएल केंद्रीय अस्पताल ढोरी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने पति विश्वनाथ मिश्रा को मृत घोषित कर दिया वही पत्नी कविता देवी को बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया।

# रागिनी सिंह ने किया परशुराम सिंह मेमोरियल स्कूल का शुभारंभ



### श्री श्री हनुमत महायज्ञ में पहुंची रागिनी सिंह

हनुमानगढ़ी सेवा समिति की ओर से 30 वें वार्षिक महोत्सव के श्रीश्री हनुमत महायज्ञ के अंतिम दिन बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी पहुंची और हनुमान जी की वंदना कर आशीर्वाद लिया। यज्ञ में भी शामिल हुईं और समिति सदस्यों से मिल कर उन्हे महायज्ञ के सफल आयोजन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान रागिनी सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में होने वाला यज्ञ विश्व के कल्याण के लिए होता है। यज्ञ के कारण यज्ञ स्थल और आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और वहां विराजमान नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** पाथरडीह अजमेरा में परशुराम सिंह मेमोरियल स्कूल का शुभारंभ बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने किया। जहां स्कूल के प्रबंधक सत्यजीत सिंह एवं उनकी पत्नी ने रागिनी सिंह को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस पर रागिनी सिंह ने झरिया में स्कूल खोलकर स्थानीय बच्चों की शिक्षा में योगदान देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मौके रणधीर सिंह, सोनू, अनुज सिंह, दिलीप दास, साधन महतो, राज किशोर जैना और शिवांश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिये टिप्स

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** बुधवार को गिरिडीह में संगनाठत्मक बैठक की गयी। इसमें जिसमें 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी को संगठित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी रही। उन्होंने चुनाव को लेकर कार्यकताओं को टिप्स दिया। इस मौके पर पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि हमें अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनावों के बारे में जानकारी दें। कार्यक्रम में कोडरमा लोकसभा प्रभारी कालीचरण सिंह ,जमुआ विधायक केदार हाजरा, प्रणव वर्मा , लक्षमन स्वर्णकार ,दिलीप वर्मा, महादेव दुबे, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, उदय सिंह, श्रीकांत, अजय रंजन अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 32 वर्षों से संचालित बसंत पंचमी मेला का उद्घाटन

# मेले के आयोजन से होता है आपसी सहयोग और सद्भावना का विकासः हीरालाल मांझी

आजाद सिपाही संवाददाता



मेले का उद्घाटन करते गणमान्य लोग।

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत जैना पंचायत के खेल मैदान में कौशल विकास जागरूकता मेला का उद्घाटन हुआ। जिसके बाद मां सरस्वती के सामने अतिथियों ने नारियल फोड़कर माथा टेका। यह मेला लगातार विभिन्न नामों से लगाया जाता रहा है। इस बार नवयुवक कला मंच की ओर से कौशल विकास जागरूकता मेला का आयोजन कर युवाओं को नौकरी से जोड़ने का विभिन्न जानकारियां देने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर बोकारो जिला के पूर्व जीप उपाध्यक्ष सह जिला झामुमो अध्यक्ष हीरालाल मांझी, जरीडीह अंचलाधिकारी प्रणव रितुराज, जरीडीह बीडीओ जयपाल महतो, जरीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार राय उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि मेला से आपसी सहयोग, सद्भावना का विकास होता है। इस तरह के मेले से युवाओं को रोजगार से संबंधित विशेष जानकारियां मिल पायेगा। वहीं, जरीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने कहा कि क्षेत्र में मेला में शांति व्यवस्था कायम रखा जायेगा। जरीडीह बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि कौशल विकास मिशन के तहत जुड़कर अपने रोजगार के लिए काम करने का प्रयास करेंगे। वहीं, जरीडीह सीओ प्रणव रितुराज ने कहा कि पूरे मेला को शांति पूर्ण तरीके से संचालित करें। प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग किया जायेगा। मेला संचालकों को सतर्कतापूर्वक मेला को चलाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। इस मौके पर पूर्व भाजपा सांसद-विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार मंडल, जदयू जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, जैना मुखिया आनंद महतो, बलराम तिवारी, गिरिन्द्र मिश्रा, वर्षा कुमारी, रणजीत महतो, संगीता देवी, महादेव महतो, भोला महतो, सुरेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## महाभंडारा व हवन के साथ कार्यक्रम का समापन, शामिल हुए बाघमारा विधायक



**कतरास (आजाद सिपाही)।** गुहीबांध हीरक कैंप स्थित नवनिर्मित गायत्री माता सह चित्र मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन बुधवार को महाभंडारा एवं हवन के साथ संपन्न हुआ। दर्जनों गायत्री परिवार के लोग अपनी पत्नियों के साथ हवन किये। पंडितो द्वारा पूरे विधि विधान के साथ हवन कराया गया। जिसमें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो अपनी पत्नी सावित्री देवी और अविनाश गुप्ता अपने पत्नी के साथ हवन किये। मौके पर शिवकुमार गुप्ता, शिवपूजन पांडेय, राजकुमार गुप्ता, अजीत गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, पंकज गुप्ता, आनंद गुप्ता, मोहित गुप्ता, सरस्वती देवी, बीनू गुप्ता, ममता गुप्ता, रेनू गुप्ता, संगीता गुप्ता, रूची गुप्ता, अर्चना सेठ, मधु श्रीवास्तव, उदय वर्मा, शालिनी गुप्ता, शर्मिला गुप्ता, सुनैना गुप्ता, भारती देवी, शालिनी गुप्ता, संगीतागुप्ता, शशि भदानी, सरिता गुप्ता, सुमन गुप्ता, पुष्पा देवी आदि थी।

## जिला खनन टास्क फोर्स ने चलाया औचक जांच अभियान, 60 से अधिक कोयला लदे ट्रकों की जांच



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला, बालू व अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स ने मंगलवार की रात 11 बजे से देर रात तीन बजे तक पूरे जिले में कोयला लदे ट्रकों की औचक जांच की गई। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर और जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में तीन टीम का गठन किया गया था। जिसने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इसमें संबंधित अंचल के सीओ और संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। जांच के क्रम में लगभग 60 से अधिक कोयला लदे ट्रकों से कोयला से संबंधित कागजातों की जांच की गई। इस क्रम में गोविंदपुर सीओ ने एक ट्रक को जब्त किया है। जिसमें लदे कोयला और उनके कागजात की जांच जारी है। वहीं डीसी ने बताया कि जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा कोयला, बालू व अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## तीन मिलियन टन का लक्ष्य पूरा करते हुए साढ़े तीन मिलियन टन प्राप्ति का लक्ष्य



**धनसार (आजाद सिपाही)।** कुसुंडा क्षेत्र के बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कर्मियों के समस्याओं को दूर करते हुए निर्धारित उत्पादन लक्ष्य को पूरा करना है। यह बाते मंगलवार को कुसुंडा क्षेत्र के नव पदस्थापित महाप्रबंधक प्रणव दास ने एना कोलियरी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ऐना का पिछले वर्ष तीन मिलियन टन का लक्ष्य दिया गया था। जहां इसे आसानी से पूरा कर लिया गया। इस वर्ष ऐना कोलियरी को साढ़े तीन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा करना है। सम्मान समारोह में पूर्व महाप्रबंधक बीके गोयल ने कहा की कुसुंडा क्षेत्र के कर्मचारी एवं यूनियन प्रतिनिधि काफी मेहनती हैं। कोयला उत्पादन के दौरान सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का अपील किया। वीके गोयल ने महाप्रबंधक प्रणव दास को शोल ओढ़ाकर सम्मानित किया है। मौके एना कोलियरी पीओ टी पासवान प्रबंधक ललन कुमार, उमंग ठक्कर, नवल साव संजय कुमार व विजय सिंह आदि थे।

## गोविंदपुर में उत्पादन बढ़ाना प्राथमिकता : अपर महाप्रबंधक



**कतरास (आजाद सिपाही)।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया-3 के नए अपर महाप्रबंधक जेके जयसवाल ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद उन्होंने बताया कि गोविंदपुर एरिया में उत्पादन लक्ष्य पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बेहतर औद्योगिक संबंध बनाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। कर्मियों के हर सुख दुख का ख्याल रखेंगे। कार्य के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुरक्षा के साथ उत्पादन करने पर बल दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अपर महाप्रबंधक जेके जयसवाल इसके पूर्व सिजुआ एरिया 5 में क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित थे।

## ट्रांसपोर्टिंग मार्ग सुचारू रूप से संचालन को लेकर बैठक



**धनसार (आजाद सिपाही)।** ट्रांसपोर्टिंग मार्ग शुरू करने को लेकर बुधवार को झरिया पुलिस, बस्ताकोला प्रबंधन, सीओ और सिंहनगर के ग्रामीणों के बीच झरिया थाना परिसर में वार्ता हुई। एक घंटे चली इस वार्ता मे ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग में हाइवा व ट्रक अबतक दर्जनों लोगों की जान ले चुके हैं। हर बार सुरक्षा की बात होती है। पर मुआवजा देकर मामला शांत कर दिया जाता है। इस मार्ग में अनट्रेंड चालक हाइवा चलाते है। गाड़ी जर्जर के साथ उसमें लाइट नहीं होता है। हाइवा को तिरपाल से नहीं ढका जाता है। यह मार्ग मे दोनों ओर सैकड़ों घर है। बावजूद इसके हाइवा की गति बहुत तेज होती है। इसके अलावा ग्रामीणों ने इस मार्ग में ब्रेकर बनाने, ड्राम मे रेडियम लगा बैरिकेड लगाने, एक निर्धारित समय तक इस मार्ग में हाइवा परिचालन बंद रखने की मांग की गई। जिसपर सीओ रामप्रसाद सुमन ने डीसी से फोन पर बात की। सीओ ने कहा कि ब्रेकर बनवाने के लिए पथ परिवहन विभाग को पत्र लिखकर अनुशंसा की जाएगी।

## न्यूज रील्स

### ब्रज में शुरू हुआ 40 दिन का होली उत्सव

मथुरा। वसंत पंचमी पर वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में बुधवार को पुजारियों ने पहले भगवान के गालों पर गुलाल लगाया। इसके बाद प्रसादी गुलाल भक्तों पर डालकर ब्रज की होली महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान मंदिर में भगवान बांके बिहारी के जयघोष लगे। जमकर अबीर-गुलाल उड़ा। वृंदावन के मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ा। ये होली उत्सव अब 40 दिन तक जारी रहेगा। रंगनाथ मंदिर की होली के साथ इसका समापन होगा।

### अब पद्म पुरस्कार में पारदर्शिता आयी: धनखड़

गुवाहटी। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि पद्म पुरस्कार दिये जाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है। अब पद्म पुरस्कार लोगों के पद्म अवॉर्ड बन गये हैं। धनखड़ ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि एक वक्त वो भी था, जब पद्म पुरस्कार दिए जाने की प्रक्रिया में इवेंट मैनेजमेंट और सरपरस्ती भी शामिल होती थी। धनखड़ असम में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

# अश्विनी वैष्णव को एक और मौका मिलने पर पीएम को दिया धन्यवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओडिशा पहुंचे। भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर अश्विनी वैष्णव का भव्य स्वागत किया गया। बीजेपी ने ओडिशा से राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर अश्विनी के नाम का ऐलान किया है। भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद अश्विनी वैष्णव ने कहा, मैं बीजेपी का अनुशासित कार्यकर्ता हूं। मेरे सार्वजनिक जीवन के सभी फैसले पार्टी लेती है। प्रधानमंत्री ने मुझे जनता की सेवा करने का एक और मौका दिया है।

**मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।**

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वह भगवान जगन्नाथ से आशीर्वाद मांग रहे हैं। गौरतलब है कि राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार को लेकर सस्पेंस आज साफ हो गया है। अश्विनी वैष्णव ओडिशा से राज्यसभा उम्मीदवार हैं। एक बार फिर अश्विनी वैष्णव ओडिशा से राज्यसभा उम्मीदवार बन गए हैं। बीजेपी ने अश्विनी के उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ओडिशा के 2 दिवसीय दौरे पर हैं। वह बुधवार को रेलवे और बीएसएनएल परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे और रात्रि विश्राम रेलवे गेस्ट हाउस में करेगें । बताया जा रहा है कि वह गुरुवार को राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने राज्यसभा उम्मीदवार अश्विनी वैष्णव का समर्थन का घोषणा की।



### अश्विनी वैष्णव को बीजेडी ने दिया समर्थन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजेडी ने राज्यसभा उम्मीदवार अश्विनी वैष्णव को समर्थन दिया। बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने इसकी घोषणा की। बीजेपी ने अश्विनी वैष्णव को राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किया है। ओडिशा से बीजेपी उम्मीदवार अश्विनी वैष्णव को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया है।

# नालको का शुद्ध लाभ पिछली तिमाही की तुलना में तीसरी तिमाही का करोड़ों रुपये दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का ह्यनवरत्नह्न उद्यम तथा देश के अग्रणी एल्यूमिना और एल्यूमीनियम निमार्ता और निर्यातक ने दिसंबर 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में 488 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कल भुवनेश्वर में आयोजित बैठक में बोर्ड द्वारा रिकॉर्ड किए गए वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के समीक्षा किए गए वित्तीय परिणामों के अनुसार, नालको ने चालू वित्त वर्ष की पिछली तिमाही के 206 करोड़ की तुलना में 137% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है।

दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों के लिए शुद्ध लाभ 1044 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 1023 करोड़ था। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कुल आय वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के 3358 करोड़ की तुलना में 3398 करोड़ रुपये रही। उत्पादन के मोर्चे पर, नालको ने 3,45,086 मीट्रिक टन के उच्चतम संचयी धातु उत्पादन के साथ मजबूत वृद्धि हासिल की है। इसी तरह, बिक्री के मोर्चे पर, कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान 3,49,419 मीट्रिक टन की अब तक की सबसे अधिक संचयी धातु बिक्री भी हासिल की है।

नालको ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 रुपये प्रति शेयर की दर से दूसरे अंतरिम लाभांश की भी घोषणा की है।



## बालेश्वर जा रही बस गोपालपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त



भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भूवनेश्वर से बालेश्वर जा रही एक यात्री बस गोपालपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। चंदन नामक की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। इसके अलावा 10 से अधिक यात्रियों को बचाया गया और इलाज के लिए कटक बड़ा मेडिकल कालेज को भेजा गया। खबर के मुताबिक रेस्क्यू टीम और स्थानीय लोक मौके पर पहुंच कर बस की खिड़की तोड़कर यात्रियों को बचाया गया।

## पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे



इस्लामाबाद/लाहौर(आजाद सिपाही)। पाकिस्तान में चुनाव के बाद प्रधानमंत्री चेहरे की तलाश शुरू हो गयी है। इस बीच नवाज शरीफ ने भाई शाहबाज को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुना है। नवाज की पार्टी पीएमएल-एन की स्पोक्स पर्सन मरियम औरंगजेब ने कहा कि नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई शाहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए और बेटी मरियम नवाज को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। यह घोषणा ऐसे समय हुई है जब पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हट गये। भुट्टो ने कहा है कि वो पीएमएल-एन को बाहर से समर्थन देंगे, इसके बाद नवाज शरीफ ने पीएमएल-एन को समर्थन देने वाली पार्टियों का शुक्रिया अदा किया। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिया गया, जबकि एक सीट ठअ-88 के नतीजों को खारिज कर दिया गया है।

# अयोध्या में बनेगा सुग्रीव पथ, दर्शन होगा आसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुए लगभग एक महीना होने जा रहा है, लेकिन अभी भी रामलला का दर्शन करने वालों की भीड़ कम नहीं हो रही है। रामलला के दर्शन के लिए प्रतिदिन लाखों लोगों की भीड़ आ रही है। इस भीड़ को देखते हुए योगी सरकार ने रामलला के मंदिर तक एक नया पथ बनाकर आवागमन के मार्ग को सुलभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक नया कॉरिडोर बनाया जायेगा। सुग्रीव पथ के नाम से बनाये जाने वाले इस कॉरिडोर की लंबाई 290 मीटर होगी। यह हनुमानगढ़ी और राम मंदिर परिसर के बीच भक्तों के आवागमन के लिए एक आयताकार सर्किट के रूप में बनाया जायेगा। इससे भक्तों को राममंदिर तक पहुंचने का मार्ग और ज्यादा सुलभ हो जायेगा। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुमान है कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। इससे लेकर आये दिन जाम की समस्या सामने आ रही है और लोगों को भगवान का दर्शन करने में भी परेशानी आ रही है। इसे देखते हुए योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अयोध्या में सुग्रीव पथ नाम से एक नए कॉरिडोर निर्माण पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है, जिससे भक्तों के लिए दर्शन को सुलभ बनाया जा सके।

जानकारी के अनुसार अयोध्या में हनुमानगढ़ी मंदिर से रामजन्मभूमि मंदिर तक बनने वाले सुग्रीव पथ पर लगभग 11.81 करोड़ की लागत आयेगी, जिसमें से 5.1 करोड़ का उपयोग भूमि अधिग्रहण के लिए किया जायेगा। कॉरिडोर की चौड़ाई लगभग 17 मीटर होगी। पथ के पांच मीटर दोनों तरफ पैदल मार्ग के विकास के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।



## पूर्व तट रेल महिला कल्याण संगठन ने स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया



संबलपुर(आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (एउडफह्नहड) संबलपुर द्वारा संचालित जैक एन जिल स्कूल, संबलपुर का वार्षिक समारोह 'आरोहन' 13 फरवरी 2024 को रेल नगर, संबलपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री तुषार कांत पांडे, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर और श्री आनंद सिंह, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर और श्रीमती रुचिका सिंह, उपाध्यक्ष पूर्व तट रेल महिला कल्याण संगठन संबलपुर ने सम्मानित अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जैक एन जिल स्कूल की प्राचार्य श्रीमती संजुक्ता पति ने गणमान्य अतिथियों और अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। यह उत्सव जैक एन जिल स्कूल के प्रत्येक छात्र के लिए गर्व और खुशी का क्षण था। अतिथियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

# राज्यसभा चुनाव में बदल डाले भाजपा ने समीकरण

**बीजू जनता दल भी करेगा अश्विनी वैष्णव का समर्थन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओड़िशा।** भाजपा ने ओड़िशा से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को उम्मीदवार बनाया है। उन्हें यहां से पार्टी ने उम्मीदवार तो बना दिया है, लेकिन उसके यहां से 22 ही विधायक हैं। जबकि यहां जीत के लिए 38 विधायकों का साथ चाहिए। फिर बाकी का जुगाड़ कहां से होगा। इसका जवाब बीजेडी के समर्थन के तौर पर मिल गया है। ओडिशा की सत्ताधारी पार्टी बीजेडी ने अश्विनी वैष्णव की राज्यसभा उम्मीदवारी के समर्थन का ऐलान किया है। पार्टी ने इसकी जानकारी बयान जारी करके दी है। इससे पहले बीजेडी के पूर्व विधायक देबाशीष और यूथ विंग के वाइस प्रेसिडेंट सुभाषीश खूंटिया ने नामांकन किया था। तीसरा कैंडिडेट कौन होगा, इसकी चर्चा थी। अब इन चर्चाओं का अंत करते हुए भाजपा ने अश्विनी वैष्णव को कैंडिडेट बनाया है। रेल मंत्री दूसरी बार ओडिशा से राज्यसभा जाएंगे। पिछली बार भी इखऊ ने उनका समर्थन किया था। राज्य की विधानसभा में बीजेडी के पास कुल 109 विधायक हैं और भाजपा के 22 हैं। वहीं कांग्रेस के सिर्फ 9 ही विधायक हैं। तीन उम्मीदवारों में से सभी को पहली प्राथमिकता 38 वोटों की जरूरत चुनाव जीतने के लिए है। इसी के चलते कयास लग रहे थे कि आखिर इस बार तीसरा कैंडिडेट कौन होगा। लेकिन अंत समय में एक बार फिर से भाजपा और बीजेडी साथ आ गए हैं।



## बेहमई कांड में 43 साल बाद फैसला

कानपुर(आजाद सिपाही)। कानपुर देहात के बहुचर्चित बेहमई हत्याकांड में 43 साल बाद फैसला आया है। बुधवार को एंटी डकैती कोर्ट ने आरोपी श्याम बाबू (80) को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी है। वहीं एक आरोपी विश्वनाथ (55) को बरी कर दिया है। खास बात है कि 14 फरवरी 1981 को यह कांड हुआ था और 14 फरवरी 2024 को ठीक 43 साल बाद फैसला आया।

फूलनदेवी और उसके साथ डकैत मुस्तकीम, रामप्रकाश और लल्लू गैंग के तकरीबन 35-36 लोगों ने 14 फरवरी 1981 को दोपहर बेहमई गांव को घेर लिया था। घरों में लूटपाट शुरू कर दी। मर्दों को घर से बाहर खींचकर लाया गया। सभी गांव में एक टीले के पास 26 लोगों को इकट्ठा किया गया। इसके बाद फूलनदेवी और उसके साथियों ने 26 लोगों को लाइन में खड़ा किया। फिर इन लोगों पर ताबड़तोड़ 4 से 5 मिनट तक गोलियां बरसाईं। जिसमें से 20 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 6 लोग घायल हो गये। इसके बाद फूलनदेवी और उसके साथ आये डकैत गांव से निकल गये। गांव के ठाकुर राजाराम ने घटना की पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधिकारी जब वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि गांव से सिर्फ औरतों और बच्चों की रोने की दूर-दूर तक आवाजें आ रही थीं।




# फूलगोभी तोड़ने पर दिखा बेटे का क्रूर चेहरा

## मां को खंभे से बांधकर पीटा, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मां-बाप अपने बच्चों की परवरिश में अपना सारा जीवन खपा देते हैं। वहीं कुछ बच्चे बुढापे में मां-बाप का सहारा बनने की जगह उनकी परेशानियों का सबब बन जाते हैं। ओडिशा के क्योंझर जिले से एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां एक शख्स ने बेटे के रिश्ते के साथ-साथ इंसानियत को भी शर्मसार कर दिया। क्रूड बेटे ने अपनी 70 वर्षीय मां को पहले बेरहमी से पीटा फिर बिजली के खंभे में बांध दिया। पूरे विवाद का कारण बस इतना सा था कि मां ने बेटे के खेत से एक फूलगोभी तोड़ ली थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने महिला के बयान के आधार पर केस दर्ज कर बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

**क्या है पूरा मामला**

यह पूरा मामला ओडिशा के क्योंझर जिले के चंपुआ थाना क्षेत्र के सरसापसी गांव का है। आरोपी की पहचान 39 वर्षीय शत्रुघन महंत के रूप में हुई है। आरोपी ने अपनी 70 वर्षीय मां सुभद्रा महंत को खेत से फूलगोभी तोड़ने के चलते बहुत बेरहमी से पीटा। पिटाई के बाद शत्रुघन महंत ने अपनी बूढी मां को बिजली के खंभे से बांध दिया।

**जानकारी के मुताबिक**

सुभद्रा महंत के दो बेटे हैं जिसमें से कुछ समय बड़े बेटे की मौत हो गई थी। आपसी विवाद के चलते सुभद्रा छोटे बेटे शत्रुघन से अलग ही रहती है और अपनी छोटी-मोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों पर निर्भर है। गांव वालों ने पीड़िता को पहुंचाया स्वास्थ्यकेंद्र विवाद के बीच गांव वालों ने महिला को बेटे की पिटाई से बचाने की कोशिश की। इस पर शत्रुघ्न ने गांव वालों को भी धमकाया। हालांकि, गांव वालों ने हिम्मत कर महिला को बेटे से छुड़ाकर बासुदेवपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इसके बाद ग्रामीणों ने फोन कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने स्वास्थ्यकेंद्र पहुंचकर पीड़ित महिला का बयान दर्ज किया। पुलिस ने दर्ज किया मामला गांव वालों की शिकायत पर पुलिस की टीम बासुदेवपुर स्वास्थ्यकेंद्र पहुंची। पुलिस ने घटना के बारे में सुभद्रा महंत से पूछताछ की। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने उनके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर शत्रुघन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस जल्द ही उसे अदालत में पेश करने वाली है।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**